दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

श्रीराम विराजे अयोध्याधाम.....

वैश्विक नायक हैं मर्यादा पुरूषोत्तम राम.....

वर्ष : 10 | अंक : 44 | लखनऊ, 22 जनवरी, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

राम उत्सव:आज अयोध्या में मनाया जाएगा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

दुल्हन की तरह सजा अयोध्या का कोना-कोना

योगी की नजर में अयोध्या:लिखा-धरती का बैकुंठ सदियों तक अभिशप्त रहा, सरयूजी रक्त रंजित नहीं होंगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा... हर तरफ राम के अयोध्या आने का उत्सव मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन अदभुत पलों को चौपाई में कहा। 'रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता। आयउ कुसल देव मुनि त्राता'। उन्होंने रामलला के अयोध्या में स्थापित होने, मंदिर बनाने के पीछे के 500 सालों के संघर्ष को लिखा।

500 साल बाद आए इस अवसर पर देश भाव विभोर

शताब्दियों की प्रतीक्षा, पीढ़ियों के संघर्ष और पूर्वजों के व्रत को सफल करते हुए सनातन संस्कृति के प्राण रघुनन्दन राघव रामलला, अपनी जन्मभूमि अवधपुरी में नव्य-भव्य-दिव्य मंदिर में भक्तों के भावों से भरे संकल्प स्वरूप सिंहासन पर प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं।500 वर्षों के बाद आए इस ऐतिहासिक अवसर पर आज पूरा भारत भाव विभोर है। भारत को इसी दिन की प्रतीक्षा थी'

उन्होंने आगे लिखा- आखिर भारतवर्ष को इसी दिन की तो प्रतीक्षा थी। इसी दिन की प्रतीक्षा में दर्जनों पीढ़ियां अधूरी कामना लिए धराधाम से साकेतधाम को प्रस्थान कर गई।



श्री अयोध्या धाम में श्रीरामलला के बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा भर ही नहीं हो रही, बालिक जनविश्वास भी दोबारा प्रतिष्ठित हो रहा है। अपने खोए हुए गौरव की दोबारा प्राप्त कर अयोध्या विभूषित हो रही है।

'श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति का समय परीक्षा काल रहा'

उन्होंने लिखा- श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ न केवल सनातन आस्था व विश्वास की परीक्षा का काल रहा, बल्कि पूरे भारत को एकात्मकता के सूत्र में बांधने में भी सफल हुआ। राम जन्मभूमि, संभवतः विश्व में पहला ऐसा अनूठा मामला रहा होगा, जिसमें किसी राष्ट्र के बहुसंख्यक समाज ने अपने ही देश में अपने आराध्य की जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए इतने वर्षों तक और इतने स्तरों पर लड़ाई लड़ी हो। संन्यासियों, संतों, पुजारियों, नागाओं, निहंगों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, वनवासियों सहित समाज के हर वर्ग ने जाति-पात, विचार-दर्शन, पंथ-उपासना पद्धति से ऊपर उठकर राम काज के लिए स्वयं का उत्सर्ग किया। संतों ने आशीर्वाद दिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों ने रूपरेखा तय की। जनता को एकजुट किया। आखिरकार संकल्प सिद्ध हुआ। उन्होंने लिखा - यह कैसी विडंबना थी कि जिस अयोध्या को 'धरती का बैकुंठ' कहा गया। वह सदियों तक अभिशप्त रही। सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। जिस देश में 'रामराज्य' को शासन और समाज की आदर्श अवधारणा के रूप में स्वीकार किया जाता रहा हो, वहीं राम को अस्तित्व का प्रमाण देना पड़ा। जिस देश में 'राम नाम' सबसे बड़ा भरोसा हो, वहां राम की जन्मभूमि के लिए साक्ष्य मांगे गए। लेकिन राम का जीवन मर्यादित आचरण की शिक्षा देता है। संयम के महत्व का बोध कराता है। यही शिक्षा ग्रहण करके रामभक्तों ने धैर्य नहीं छोड़ा। मयार्दा नहीं लांघी। दिन, महीने, वर्ष, शताब्दियां बीतती गईं, लेकिन हर एक नए सूर्योदय के साथ रामभक्तों का संकल्प और दृढ़ होता गया। सदियों के इंतजार के बाद भारत में हो रहे इस नवविहान को देखकर अयोध्या समेत भारत आनन्दित हो उठा है। भाग्यवान है हमारी पीढ़ी, जो इस राम- काज के साथी बन रहे हैं।

उन्होंने आगे लिखा - हमारे व्रत में हमारा मार्गदर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनन्दन है। 22 जनवरी 2024 का दिन मेरे निजी जीवन के लिए भी सबसे बड़े आनंद का अवसर है। अनेक स्मृतियां जीवंत हो उठी हैं। यह राम जन्मभूमि मुक्ति का संकल्प ही था, जिसने मुझे पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का पुण्य सान्निध्य प्राप्त कराया। भारत के इतिहास में पहली बार पहाड़, वन, द्वीप, सब जगह के रहने वाले एक स्थान पर ऐसे किसी समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। यह अपने आप में अद्धितीय है।इस भव्य समारोह में प्रधानमंत्री जी 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। अयोध्या धाम में लघु भारत के दर्शन होंगे। इस समारोह के बाद रामभक्त, पर्यटक, शोधार्थियों, जिज्ञासुओं के लिए अयोध्या तैयार है।इसी उद्देश्य के साथ अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, चारों दिशाओं से रोड कनेक्टिविटी, हेलीपोर्ट सेवा, होटल तैयार किए गए हैं। अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी तथा 84 कोसी परिक्रमा की परिधि में आने वाले सभी धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के पुनरुद्धार का काम जारी है।अब अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलेंगी। सरयूजी रक्त रंजित नहीं होंगी। अयोध्या में कर्फ्यू का कहर नहीं होगा। यहां उल्लास होगा। राम नाम संकीर्तन गुंजायमान होगा। अवधपुरी में रामलला का विराजना भारत में रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा है।

प्राण प्रतिष्ठा से पहले मोहन भागवत का बड़ा बयान

कहा आज कड़वाहट खत्म कर राष्ट्र निर्माण में जुटे



प्राण प्रतिष्ठा से पहले मोहन भागवत ने कड़वाहट मिटाने के साथ विवाद खत्म करने की अपील की है। मोहन भागवत ने एक लेख के जरिए हर तरह की कड़वाहट को खत्म करने का अनुरोध किया है। यह लेख प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में लिखा गया है।

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को बेहद शानदार कार्यक्रम में राम मंदिर का उद्घाटन होने के साथ ही गर्भ ग्रह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस प्राणों प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के लिए देश के अयोध्या पहुंचेंगे और इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनेंगे।प्राण प्रतिष्ठा होने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का बड़ा बयान सामने आया है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले मोहन भागवत ने कड़वाहट मिटाने के साथ विवाद खत्म करने की अपील की है। मोहन भागवत ने एक लेख के जरिए हर तरह की कड़वाहट को खत्म करने का अनुरोध किया है। बता दें कि यह लेख प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में लिखा गया है। इस लेख में उन्होंने लिखा है कि राम मंदिर को लेकर जो भी कड़वाहट पैदा हुई है वो खत्म होनी चाहिए। विवाद खत्म करने के लिए समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी कदम उठाने होंगे। अयोध्या की नई पहचान ऐसी होनी चाहिए कि यहां युद्ध का जिक्र ना हो। मोहन भागवत ने लिखा कि भारत में वर्षों से कई आक्रमणकारी आते रहे, जिनसे लड़ने में भारत ने लगातार संघर्ष किया है। इन आक्रमणकारियों का उद्देश्य लूटपाट करना होता था। इस्लाम के नाम पर जितने भी आक्रमण हुए है वो देश में अलगाव लेकर आए है। विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत के मंदिरों को भी ध्वस्त कर दिया था। आक्रमणकारियों ने ऐसा एक बार नहीं बल्कि कई बार किया क्योंकि उनका उद्देश्य भारतीय समाज को हतोत्साहित और कमजोर करना था। अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर को भी इसी मनोदशा के साथ विध्वंस किया गया था। विदेशी आक्रमणकारियों के उलट भारतीय शासकों ने कभी कहीं आक्रमण नहीं किया।

असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

इटानगर,कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की हुई। राहुल को बचाते हुए उनके सिक्योरिटी गार्ड उन्हें बस के अंदर वापस ले गए। घटना के दौरान राहुल का काफिला सोनितपुर में था।राहुल ले घटना को लेकर कहा- आज इखढ के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए। मैं बस से निकला, वो भाग गए। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से। कांग्रेस पार्टी ने न्याय यात्रा के काफिले पर 48 घंटे में दूसरी बार हमले का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज जब हमारा काफिला असम में रैली स्थल की ओर जा रहा था। तब जुमगुरीहाट में हिमंता बिस्वा सरमा के गुंडों ने महासचिव जयराम रमेश की गाड़ी पर पानी फेंका और स्टीकर फाड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने लिखा- भाजपा के लोगों ने हमारी सोशल मीडिया टीम के कैमरामैन और अन्य सदस्यों पर हमला किया, जिनमें 2 महिलाएं भी थीं। हिमंता, यह गीदड़ हरकतें करनी और करवानी छोड़ दो। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को तुम और तुम्हारे गुंडे नहीं रोक सकते। इससे पहले 19 जनवरी की रात को भी कांग्रेस ने न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा के हमले का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने एक वीडियो भी जारी किया था, जिसमें कुछ गाड़ियों के शीशे टूटे हुए दिख रहे थे। साथ ही कुछ लोग पार्टी के होर्डिंग-बैनर उखाड़ते दिख रहे थे। राहुल गांधी ने जाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को फ्लाइंग किस दी।



फर्नीचर गोदाम में लगी आग, फंसा परिवार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ठाकुरगंज के लालाबाग में रविवार दोपहर फर्नीचर के गोदाम व उसके ऊपर मकान में भीषण आग लग गई। इससे पहली मंजिल पर मौजूद कारोबारी का पूरा परिवार फंस गया। परिवार के लोग जान बचाने के लिए लपटों से घिरी सीढ़ियों से कूद गए। सूचना पर पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने छह दमकल से आग पर काबू पा लिया। लालाबाग स्थित जेआरएन लॉन के पास अनिल कुमार का बालाजी मॉडर्न फर्नीचर हाउस है। इसके ऊपर पहली मंजिल पर गोदाम और दूसरी मंजिल पर अनिल का आवास है। रविवार को अनिल पत्नी सुमन को सीटेट दिलाने गए थे। घर में उनकी बेटी तनीषा व अनुष्का थीं। अनिल के मुताबिक वह पत्नी को परीक्षा दिलाकर दोपहर डेढ़ बजे घर लौटे तो कुछ देर बाद डाइनिंग रूम व सीढ़ियों के पास से आग की लपटें व धुएं का गुबार उठता देख घबरा गए। सीढ़ियों के पास भी आग लग गई थी। इसके चलते लपटों से बचने के लिए सभी लोग सीढ़ियों से उतरने के बजाय कूद गए। इससे सभी को मामूली चोटें भी आ गईं। अनिल ने फायर कंट्रोल रूम में सूचना दी और पड़ोसियों की मदद से आग बुझाने लगे। अग्निशमनकर्मी दो दमकल लेकर पहुंचे और आग की भयावहता देख दो टीमों में बंटकर लपटों पर काबू पाने में जुट गए। एक टीम गोदाम में लगी आग बुझाने में जुट गई। वहीं, दूसरी टीम सीढ़ी लगाकर मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंची और दरवाजे व खिड़कियां तोड़कर आग बुझाने में जुट गई। चार और दमकल बुला ली गईं। करीब दो घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पा लिया गया। चौक एफएसओ पुष्पेंद्र यादव के मुताबिक गोदाम में लकड़ी का फर्नीचर और ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग और विकराल हो गई। पूरे परिसर में धुआं भरने के कारण दमकलकर्मियों को सांस लेने में समस्या हुई। इसके चलते उन्हें आग बुझाने में काफी समय लग गया और गोदाम दो घंटे तक जलता रहा। एफएसओ ने बताया कि गोदाम में अग्नि सुरक्षा के कोई इंतजाम व उपकरण नहीं थे। यदि अग्नि सुरक्षा के इंतजाम होते तो कम समय में आग पर काबू पाया जा सकता था। एफएसओ चौक का कहना है कि गोदाम में शॉर्ट-सर्किट से आग लगी थी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं, पीड़ित कारोबारी अनिल के मुताबिक आग के कारण उनका लाखों का सामान जल गया। उन्होंने कहा- भगवान का शुक्र है कि बेटियों की जान बच गई।

रामोत्सव 2024: रामनगरी पहुंचे सीएम योगी

तैयारियों का लिया जायजा; संघ प्रमुख मोहन भागवत से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ही रामनगरी पहुंच गए। यहां उन्होंने 22 जनवरी की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों का फाइनल निरीक्षण किया और अयोध्या की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन पूजन किये। मुख्यमंत्री ने संघ कार्यालय साकेत निलयम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इसके बाद हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किये, फिर श्रीराम मंदिर गए और यहां की तैयारियों को देखा। मुख्यमंत्री कारसेवकपुरम भी गए, यहां तीर्थ क्षेत्र की तरफ से बनाई गई टेंट सिटी का अवलोकन किया।

यूपी सरकार की पूर्व मंत्री स्वाति सिंह के खिलाफ वारंट जारी, 2016 में दर्ज हुआ था मामला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के परिवार की महिलाओं के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने के मामले में आरोपी बनाए गए बसपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी, रामअचल राजभर, अतर सिंह राव और नौशाद अली के मामले में गवाही देने के लिए हाजिर न होने पर पूर्व मंत्री स्वाति सिंह के खिलाफ वारंट जारी हुआ है। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन फरवरी की तारीख तय की है। बताते चलें कि इस घटना की रिपोर्ट पूर्व मंत्री स्वाति सिंह की सास और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की मां तेतरा देवी ने 21 जुलाई 2016 को हजरतगंज थाने में दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि 20 जुलाई 2016 की दोपहर राज्यसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती ने उनकी बेटी, बहू व नातिन के साथ-साथ देश की समस्त महिलाओं को गालियां दीं और अपशब्द कहे। इसके बाद 21 जुलाई 2016 को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के बुलाने पर बसपा के राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी, रामअचल राजभर, मेवालाल आदि अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और वहां उनके पुत्र दयाशंकर सिंह को गालियां दीं तथा अभद्र टिप्पणी करते हुए बैनर लेकर प्रदर्शन किया था। इस मामले में स्वाति सिंह की गवाही चल रही है।

अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, हालत गम्भीर

लखनऊ। निगोहां कस्बे में शनिवार की देर रात तेज रफ्तार अज्ञात कार ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में बाइक पर सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गयें।वही दुर्घटना के बाद कार समेत चालक मौके से फरार हो गया। नगराम क्षेत्र के सलेमपुर अचाका निवासी अनुज अपने साथी नंदलाल के साथ बाइक से शनिवार रात निगोहां कस्बे से काम निपटाकर वापस घर लौट रहे थे जैसे ही बाइक लेकर निगोहां कस्बे के भगवानपुर मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि रायबरेली से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने के बाद बाइक सहित छिटककर दोनो दूर जा गिरे ओर गम्भीर रूप से घायल हो गयें।वही दुर्घट ?ना करने वाली कार समेत चालक मौके से फरार हो गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइवे की एम्बुलेंस से घायलो को इलाज के लिये बछरावां सीएचसी भेजा।जहां मौजूद डाक्टर ने दोनो युवको की हालत गम्भीर देख इलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रेवतीरमण सिंह व पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह का होगा सम्मान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की 73वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रंगभारती व उत्तर प्रदेश नागरिक परिषद की ओर से उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के प्रेमचंद सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इस मौके पर वरिष्ठ राजनेता कुंवर रेवतीरमण सिंह व पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह सहित कई नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजक व समाजसेवी श्याम कुमार ने बताया कि वयोवृद्ध राजनेता कुंवर रेवतीरमण सिंह को कर्मवीर राजनेता रंगभारती सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अलावा पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह, वरिष्ठ संगीतज्ञ पं. आनंद कुमार मिश्र, आयुर्वेद विशेषज्ञ जागेश्वर नाथ मिश्र, शिक्षाविद सूर्यप्रसाद दीक्षित व रवींद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी डॉ. भीम सिंह नेगी, भातखंडे विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, नाट्यकार गोपाल सिन्हा, गायक मिथिलेश बनवी, नारी सशक्तीकरण में उषा विश्वकर्मा, चित्रकार अनिल रिसाल सिंह, डॉ. आनंद कुन गुप्त, डॉ. सुखरंजन समद्दर, डॉ. अरशद मुहम्मद रिजवी, डॉ. अखिलेश चंद्र, संजीव जैन, अनीता सहगल को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे और अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित करेंगे।

राम नाम के रस में डूबा माल, निकली भव्य झांकी राम यात्रा

रामयात्रा में आकर्षण का केंद्र रही हनुमान जी की झांकी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जहां पूरे देश में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए माहौल भक्तिमय है. देश के कोने कोने में शोभा यात्राएं और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. देश के कोने कोने से भक्तों के जत्थे भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा देखने के लिए रवाना हो चुके है. राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले माल कस्बे से लेकर गांवों में रामरथ यात्रा निकाली गई। चारों दिशाओं से पहुंची रामरथ यात्रा में प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता, ऋषि विश्वामित्र व हनुमान जी की झांकी रही आकर्षण का केंद्र रविवार सुबह से ही पूरा क्षेत्र राममय हो गया। श्रीराम के ध्वज के नीचे अश्व आगे चला, पीछे भगवान श्रीराम के पटके व झंडे उठाकर क्षेत्र की सभी सभाओं के लोग डोल नगाढ़ो की धुनो पर झूमते हुए चल रहे थे। राम आएंगे , जय श्रीराम, राम राम के नारो के साथ भव्य रामरथ यात्रा निकली। राम रथ यात्रा झांकियों से सजी राम रथ यात्रा का इटौंजा रोड, अटारी, सैदापुर, बीरपुर नहर, बसंतपुर, मवई, भेलमपुर, दाहियाताली, बरगदिया सहित अन्य स्थानो पर लोगों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। चारों दिशाओं से यहां गांजे-बाजे के साथ पहुंची यात्रा का संगम होते ही भव्य नजारा देखने को मिला। रामभक्तों की भीड़ का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि करीब दो किलोमीटर की दूरी तय करने में यात्रा में शामिल लोगों को ढाई घंटे लग गए। इस राममय यात्रा में जिला कार्यध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद भूपेंद्र, हिंदू जागरण मंच सहसंयोजक संतोष सिंह (तिलन), बौद्धिक प्रमुख संदीप, अभय प्रताप सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू, उदय भान, सत्येंद्र सिंह अहिंडर सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

हरिहरपुर पटसा गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

अमन लेखनी समाचार

निगोहां।मोदी सरकार की योजनाओ का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिये शुरू हुयी विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को मोहनलालगंज विकासखंड के हरिहरपुर पटसा गांव पहुंची।मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी व प्रधान उर्मिला द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित करने के बाद जनचौपाल लगाकर ग्रामीणो को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ की जानकारी दी।इस मौके पर बेसिक स्कूल के बच्चो ने सरस्वती वंदना समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुती दी।मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी ने जनचौपाल में मौजूद सभी लोगो को भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलाई।इस मौके पर राजस्व, विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ समेत अन्य विभागो ने शिविर लगाकर योजनाओ के लाभ से वंचित ग्रामीणो के फार्म भरे।मंडल अध्यक्ष व प्रधान ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व मनरेगा श्रमिको को प्रशस्त्री पत्र व आयुष्मान योजना के लाभार्थियो को कार्ड वितरित किये। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित, समाजसेवी सत्य प्रकाश द्विवेदी, उमा शंकर त्रिवेदी, प्रधानाध्यपिका शिखा त्रिवेदी, प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी, धर्मेन्द्र साहू, प्रतिमा श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

एक वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज पुलिस ने विद्युत चोरी के मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय ?में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया 2017 में दर्ज विद्युत चोरी के मुकदमें न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद भी फरार चल रहे अभियुक्त रमेश निवासी डेहवा थाना मोहनलालगंज को पुलिस टीम ने दाबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार किया।अभियुक्त राजा कहार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

ए.के. इन्फ्रा एंड रियल्टी लिमिटेड के डायरेक्टर पर हो भूमाफिया की कार्यवाही

सरोजनी नगर तहसील के धवापुर में तालाब, बंजर सहित सरकारी जमीन के कब्जे को लेकर हिन्दू जागरण मंच लखनऊ ने योगी सरकार से की मांग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजिनी नगर तहसील द्वारा योगी सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रही है कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे, लेकिन राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील ने जैसे कसम खा रक्खी हो मुख्यमंत्री जी के आदेश न मानने की।

सरोजनी नगर तहसील की ग्राम पंचायत धावा पुर में करोड़ों की सरकारी जमीन तालाब ,ऊसर, बंजर को ए. के. इन्फ्रा एंड रियल्टी लिमिटेड के डायरेक्टर अब्दुल हसन सिद्दकी द्वारा बेची गई है तहसील की जांच रिर्पोट में ये खुलासा हुआ है कि सरकारी जमीन को भू माफिया अब्दुल हसन ने बेची है लेकिन तहसील प्रशासन सरकारी जमीन को खाली नहीं करा पा रहा है। हिंदू जागरण मंच लखनऊ जिला के संयोजक सूर्यभान शांडिल्य ने कहा कि अब्दुल हसन को वहा के लोकल नेता और रसूखदारों का सहयोग प्राप्त है, उन्होंने कहा कि हो सकता है कि इन नेताओ की पार्टनरशिप हो और इन नेताओ ने तहसील प्रशासन पर अपना दबाव बना रक्खा है, शायद कुछ खाना पूर्ति कर के इस मामले को बंद करने का विचार बना रहे है। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक ने कहा कि अब देखना है कि रसूखदारों का दबाव होगा या हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का पालन होगा, उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा तो हिन्दू जागरण मंच लखनऊ हजारों राष्ट्र रक्षको के साथ सरोजनी नगर तहसील का घेराव करेगा।

एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने की कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज राधा रमण सिंह की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक आलोक राव की मौजूदगी में रविवार को मोहनलालगंज कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुयी।

एसीपी राधा रमण सिंह ने कहा कि यह शांतिप्रिय क्षेत्र है और पूर्ण विश्वास है कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस को सभी लोग मिलकर प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएंगे। इसके लिए परस्पर सहयोग व सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।उन्होंने बैठक में मौजूद धर्मगुरूओ, प्रधानो, व्यापारियो समेत दोनो समुदायों के प्रबुद्धजनों से अनुरोध किया कि लोगों को विशेषकर युवाओं को प्रेरित करें कि परस्पर मेल जोल और भाईचारे के साथ इस उत्सव को मनाएं। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने कहा प्रदेश स्तर पर शराबबंदी है और मीट की दुकाने बंद रहेगी। हमारे यहां कोई भी समस्या नहीं है सभी वर्ग के लोग सही तरीके से आयोजन का उत्सव मना रहे हैं। अगर कोई भी अप्रिय घटना घटित करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उन्होने बैठक में मौजूद लोगो से अपील की सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट डालने वालो की सूचना तत्काल पुलिस को दे।?से लोगो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।एसीपी राधा रमण सिंह ने बैठक में मौजूद लोगो को साइबर ठगी से बचाव के लिये जागरूक करते हुये कहा कि कई बार ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर लोग इसलिए किसी को नहीं बताते कि उनका मजाक बनेगा। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर कोई किसी तरह से ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाता है तो उसे तुरंत हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत करनी चाहिए।साइबर ठगी से बचने के लिये झूठे प्रलोभन से बचे।फर्जी जाब के आफर से सावधान रहे।असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें।फेसबुक पर अज्ञात लोगो से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार ना करें।एसीपी ने बैठक में मौजूद प्रधानो, व्यापारियो समेत संभ्रान्त लोगो से सुरक्षा के दृष्टिगत दुकानो, घरो, कार्यालयो में सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने की अपील भी की।बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे, प्रधान ललित शुक्ला, प्रधान शंकर यादव, सभासद हिमांशु तिवारी समेत काफी संख्या में व्यापारी, प्रधान, धर्मगुरू व संभ्रान्त लोग व उपनिरीक्षक मौजूद रहें।

राममय हुआ भारतधाम, स्वर्णिम साल में पधारे राम अयोध्या धाम

राम ही भक्ति, राम ही शक्ति, राम ही रंग, राम ही रूप, राम ही स्वरूप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शहर की सक्रीय सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था नव अंशिका फाउन्डेशन की अध्यक्ष एव समाजसेवी नीशू त्यागी के द्वारा 2024 स्वर्णिम साल, राम पधारे अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश की कला एव संस्कृति के उत्थान के लिए संस्था द्वारा गीत संगीत नृत्य के मध्यम से अपनी संस्कृति जो हमारी धरोहर हमारी पहचान है अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु प्रचार प्रसार करती रहती है हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी अपनी माटी अपने देश से जोड़ कर रखने के लिए समय समय पर इस तरह के आयोजन करते रहे है, हम अपनी संस्कृति को जीवंत और यथाशील बनाते है जो हमारा गर्व और हमारी पहचान को दशार्ता है हमारा भारत महान अयोध्या की पावन भूमि पर लखनऊ की कलाकार नीशू त्यागी के कुशल मार्गदर्शन मे अयोध्या मे राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर अपने साथी लोक नृत्यांगनाओ संग दो दिवसीय बधावा लोक नृत्य की प्रस्तुतिया व नाच गाकर रजन्मे अवध में राम मंगल गायो री, सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आये है? जैसे लोकगीतों पर मन भावन प्रस्तुति मे नैतिक चौरसिया, राम विश्वकर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, छवि गुप्ता, अनुराधा कुमारी, जितेंद्र शर्मा, गार्गी राज गंगा, दिव्यांशी, दीप्ति मिश्रा, सागरिका भारद्वाज, प्रीति, स्वेता रावत अपूर्वा कश्यप आदि के द्वारा कार्यक्रम किया गया।

एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारो के साथ बैठक, बांटे कम्बल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली में रविवार को एसीपी राधा रमण सिंह व प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने चौकीदारो के साथ बैठक कर निचली सूचना इकाई को मजबूत करने की पहल शुरू की है।एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारो को ठंड से बचाव के लिये कम्बल वितरित कियें।एसीपी राधा रमण सिंह ने बैठक में मौजूद सभिक चौकीदारों को गांव की हर गतिविधि पर नजर रखने व थाना पुलिस को इसकी सूचना दिए जाने के तौर तरीके बताए।एसीपी ने कहा कि चौकीदार को गांव में सक्रिय रहने की जरूरत है। सूचना तंत्र बढ़ने पर चौकीदार खुद को सुस्त महसूस करते हैं। जबकि उनकी भूमिका अलग है। उनकी सूचनाओं को पुलिस बेहद गंभीरता से लेती है।एसीपी ने चौकीदारो से कहा अपने बीट आरक्षी, हल्का इंचार्ज व चौकी इंचार्ज, प्रभारी निरीक्षक का भी नम्बर जरूर अपने पास रखे।क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन, पेड़ो की कटान, देशी शराब बिक्री, गौ तस्करी समेत अपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दे। चोरी की घटनाओ की रोकथाम के लिये अपने गांवो में रात्रि में पैदल गश्त भी करें।

प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बैठक में मौजूद चौकीदारो की हौसला अफजाई करते हुये कहा जो काम थानेदार का वही काम चौकीदार का है, क्षेत्र में अपराध रोकने के लिये चौकीदार व पुलिस को मिलकर काम करना होगा।एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने बैठक में मौजूद चौकीदारो को अपने मोबाइल नम्बर देते हुये अपराधिक गतिविधियों को तत्काल जानकारी देने की बात कही।

सात घंटे सर्जरी के बाद शिशु को मिला जीवनदान

टेंडर पॉम अस्पताल में डॉक्टर्स ने किया करिश्मा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के निजी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में संभवतः यह पहली घटना होगी, जब एक युवा दंपति को समय से पहले जन्मे दो किलोग्राम के बच्चे में टीजीए (धमनियों का स्थानांतरण) बीमारी का पता चला और उसे समुचित इलाज देकर जीवनदान दिया गया। इस मामले में शिशु को बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा जीवन रक्षक दवा प्रोस्टाग्लैंडीन दी गई और टेंडर पाम अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय अग्रवाल की देखरेख में भेजा गया। डॉ. विजय अग्रवाल और उनकी टीम ने शिशु की 7 घंटे लंबी और जटिल सर्जरी की। इलाज की गंभीरता यह रही कि शिशु की छाती 24 घंटे तक खुली रखनी पड़ी। अंततः आईसीयू स्टाफ और बाल रोग विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत से 3 दिनों के बाद शिशु को सफलतापूर्वक वेंटिलेटर से हटा दिया गया और उसे एक नया जीवन मिला। डॉ. विजय अग्रवाल ने बताया कि आम इंसान से उल्टा इस स्थिति में हृदय के दाएं हिस्से से आरोटा और बाएं हिस्से से पल्मोनरी धमनी मिली। उन्होंने बताया कि बच्चे की कोरोनरी धमनी को संभालना मुश्किल था और इंट्राम्यूरल सर्जरी की कठिनाई बढ़ रही थी और इस वजह से बच्चे की जान बचाना असंभव जैसा हो गया था, लेकिन जटिल सर्जरी के जरिए इस नामुमकिन से ऑपरेशन में सफलता अर्जित की गई। इस बारे में टेंडर पाम अस्पताल के सीईओ विनय शर्मा ने कहा, यह टीम वर्क और विशेषज्ञ आईसीयू टीम की मेहनत से संभव हुआ है। ऐसी विशेषज्ञता से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आती है और यही हमारे लिए महत्वपूर्ण है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनीत शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में टेंडर पॉम एकमात्र ऐसा अस्पताल है, जो शिशुओं को ऐसी गंभीर स्थिति से निकालकर जीवनदान देने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि शिशु को 3 महीने के बाद बिना किसी दवा के सामान्य जीवन जीने की उम्मीद बंध चुकी है, जबकि टीजीए में 80% बच्चों को समुचित इलाज न मिलने के कारण बचाया नहीं जा पाता है। उन्होंने कहा कि हमारा अस्पताल ऐसे मामलों में आयुष्मान योजना और सीएम फंड सहायता प्रदान करता है।

30 जनवरी तक प्रदेश के डॉक्टरों की छुट्टियां कैंसिल, अवकाश के बाद भी 22 जनवरी को खुलेंगे अस्पताल

लखनऊ। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर डॉक्टरों व चिकित्साकर्मियों की स्पेशल ड्यूटी रहेगी। सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर व स्टाफ को 22 से 30 जनवरी तक अवकाश नहीं मिलेगा। अपरिहार्य स्थिति में ही अवकाश स्वीकृत होगा। शासन की ओर से 15 फरवरी तक अस्पतालों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। 22 जनवरी को अस्पतालों में सामान्य दिनों की तरह ही ओपीडी का संचालन होगा। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह ने आदेश जारी किया है कि 22 से 30 जनवरी तक डॉक्टरों, कर्मचारियों को अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। अपरिहार्य स्थिति में ही अवकाश स्वीकृत होगा।

मेदांता हास्पिटल ने मोहनलालगंज में शुरू किया कलेक्शन सेंटर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में रविवार को मेदांता हास्पिटल ने ब्लड कलेक्शन सेंटर की शुरूआत की एसोसिएट डायरेक्टर एंव हेड एमरजेंसी मेडिसिन एंव ट्रामा सेंटर मेदांता हास्पिटल लोकेश गुप्ता व रीजनल मैनेजर अनंत कुमार ने कलेक्शन सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया।डाक्टर आरपी सिंह ने बताया कि रविवार मोहनलालगज कस्बे में कालेबीर मंदिर के पास मेदांता ने लैब कलेक्शन सेंटर खोला है।इस सेंटर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को भी लाभ देना है।जिसमे काफी कम कीमत पर ब्लड के पैकेज रखे गए है।और इसी सेंटर के माध्यम से मेदांता डॉक्टरों द्वारा ऑनलाइन ओपीडी शुरू

कर मरीजों को देखा जाएगा।डाक्टर आरपी सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में 39 सेंटर खोले गए है।साथ ही आठ सौ कलेक्शन सेंटर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कस्बों में खोले जा रहे है।

श्री रामलला विराजमान

श्रीरामोत्सव

"राम मंदिर के निर्माण की यह प्रक्रिया राष्ट्र को जोड़ने का उपक्रम है।"

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में

प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का

प्राण प्रतिष्ठा समारोह

गरिमामयी उपस्थिति

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

डॉ. मोहनराव भागवत
सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

महंत नृत्यगोपाल दास
अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 22 जनवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:20 बजे | स्थान : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीअयोध्या धाम

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS
Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

चिंतन

पाक हुकूमत अपने मुल्क से आतंक का सफाया करे

पश्चिम और खाड़ी क्षेत्र हिंसक संघर्ष के सघन दौर से गुजर रहे हैं। किसी ना किसी देश से समर्थित आतंकी गुटों के हिंसक हमले के चलते इस क्षेत्र में युद्ध व तनाव की स्थिति बनी हुई है। आतंकी गुट हमास ने इजराइल पर हमला किया तो प्रतिकार में इजराइल का हमला गाजा पर अनवरत जारी है, समूची गाजापट्टी विनाश में तब्दील होती जा रही है। इजराइल को रोकने के लिए लेबनान के आतंकी गुट हुती विद्रोही इजराइल पर हमलावर है, हुती लड़ाके अरब सागर, लाल सागर व अदन की खाड़ी में इजराइली व अमेरिकी जहाजों को निशाने बना रहे हैं, जिनमें भारतीय भी निशाने बन रहे हैं, तो ईरान परोक्ष रूप से हुती को साथ दे रहा है। कतर, सऊदी अरब समेत अनेक मुस्लिम मुल्क इजराइल के विरोध में हैं, इसकी परवाह किए बिना कि हमास के आतंकी कृत्य अक्षम्य हैं। एक तरफ ईरान आतंकी गुट हुती विद्रोहियों का नैतिक साथ दे रहा है, दूसरी तरफ वह अपने सिस्तान-बलूचिस्तान क्षेत्र में आतंकी हरकत के खिलाफ पाक स्थित आतंकी गुटों के ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर रहा है। ईरान ने एक ही दिन में इराक, सीरिया व पाकिस्तान जगह अलग अलग कारणों से हवाई हमले किए। 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान ने ईरान के क्षेत्र में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किए। ईरान व पाक दोनों के हमले में दर्जन भर बेकसूरों की जान गई। बड़ा सवाल है कि इन क्षेत्रों में जो हिंसा व संघर्ष की स्थिति है और मुल्कों के बीच तनाव हैं, इसके पीछे मूल रूप से यहां के आतंकी गुट हैं। इन क्षेत्रों के मुल्क अपनी अपनी वजह से किसी ना किसी आतंकी गुट को शह दे रहे हैं, इसके चलते यहां जंग के हालात हैं। पहली बात अगर पश्चिम एशिया, खाड़ी क्षेत्र व दक्षिण एशिया में शांति और विकास को स्थिरता प्रदान करनी है, तो इन क्षेत्रों के आतंकी गुटों का सफाया करना जरूरी है और कोई भी देश किसी भी आतंकी गुट को समर्थन व मदद ना दे। आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक करने से आतंक का खात्मा नहीं होगा। करीब 50 से अधिक आतंकी गुट पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, इराक, लीबिया, लेबनान, फिलिस्तीन, सूडान आदि मुल्कों में ऑपरेट कर रहे हैं। अकेले पाकिस्तान के अंदर 32 के करीब आतंकी गुट हैं। पाकिस्तानी एस्टाब्लिशमेंट बाकायदा नीतिगत रूप से आतंकी गुटों को पालता पोसता रहा है और भारत, ईरान व अफगानिस्तान के खिलाफ आतंकवाद का इस्तेमाल करता रहा है। ईरान पर जवाबी कार्रवाई के बजाय अगर पाकिस्तान अपने यहां से आतंकी गुटों का सफाया करे, वह पाकिस्तान व इस क्षेत्र के हित में अधिक उपयोगी होगा। आज सभी मुस्लिम मुल्क की सरकारें अगर बुलंद आवाज में आतंकवाद का खिलाफत करती रहती, और एक ही आवाज में हमास, हुती, इस्लामिक स्टेट, अलकायदा, तालिबान, अल शबाब, अल अदल, जैश, लश्कर, टीटीपी, हिज्बुल जैसे हिंसक आतंकी गुटों के खात्मे में अपनी ताकत लगातीं, तो अब तक ना ही पश्चिम, दक्षिण एशिया व खाड़ी क्षेत्र में लाखों बेकसूर लोग मारे जाते, न ही यहां आज इतनी अशांति होती और न इस्लाम बदनाम होता। सभी आतंकी गुठ इस्लाम के नाम पर ही हिंसा कर रहे हैं। भारत ने विश्व को हमेशा आतंकवाद के खतरे के प्रति चेताया है और सभी मुल्कों से मिल कर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया है। अब भी देर नहीं हुई है, पाक हुकूमत अपने यहां से आतंकवाद का पूर्ण सफाया करे, ऐसे ही दूसरे मुल्क भी जहां आतंकी गुट हैं, वे अपने यहां से इन्हें खत्म करें। कोई भी सरकार अगर जनता के पैसे को आतंकी गुटों को मदद करने में देती है, तो यह बेहद शर्मनाक बात है। भारत आतंकवाद के खिलाफ हर एक्शन का समर्थन करता है।

पूअर इंडेक्स

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

गरीबी घटी, पर उत्सव का सफर बाकी

वैश्विक मान्यता के मापदंडों पर आधारित बहुआयामी गरीबी इंडेक्स के हिसाब से करीब 24 .82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं। निश्चित रूप से नीति आयोग के द्वारा जारी बहुआयामी गरीबी में कमी प्रस्तुत करता हुआ इंडेक्स अभी भी उत्सव मनाने लायक परिदृश्य नहीं है। भारत को अभी भी निम्न आय वाला देश माना जाता है। प्रतिव्यक्ति आय में सन्तुलित वृद्धि से अधिक लोग गरीबी के दायरे से बाहर आएंगे और उनका जीवन बेहतर होगा। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि विकास की प्रक्रिया और गरीबी उन्मूलन में देश के कुछ प्रदेश बहुत पीछे छूट गए हैं। इन राज्यों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना होगा।

हाल ही में 15 जनवरी को नीति आयोग की तरफ से वैश्विक मान्यता के मापदंडों पर आधारित बहुआयामी गरीबी इंडेक्स (एमपीआई) पर दस्तावेज जारी किया गया है। इस इंडेक्स को निकालने के लिए बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं वित्तीय समावेशन जैसी सुविधाओं पर आधारित 12 विभिन्न मानकों-पोषक तत्व, बच्चे की मृत्यु दर, माताओं के स्वास्थ्य, बच्चों के स्कूल जाने की उम्र, स्कूल में उनकी उपस्थिति, रसोई ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपदा व बैंक खातों को शामिल किया गया है। इस दस्तावेज के मुताबिक सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की बहुआयामी गरीबी कम करने में अहम भूमिका रही है। वित्त वर्ष 2013-14 में देश की 29.17 प्रतिशत आबादी एमपीआई के हिसाब से गरीब थी। अब वित्त वर्ष 2022-23 में सिर्फ 11.28 प्रतिशत लोग एमपीआई के हिसाब से गरीब रह गए हैं। इन नौ सालों में करीब 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं। विश्व बैंक ने दिन में 180 रुपये से कम कमाने वालों को गरीबी रेखा से नीचे माना है।

गौरतलब है कि नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में पिछले नौ सालों में 5.94 करोड़, बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ तो राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग एमपीआई मानकों के हिसाब से गरीबी से मुक्त हुए हैं। इस हिसाब से अब लगभग 15 करोड़ लोग एमपीआई मानक से जुड़ी सुविधाओं से वंचित रह गए हैं। ऐसे लोगों की संख्या बिहार में सबसे ज्यादा 26.59 फीसदी, झारखंड में 23.34, उत्तर प्रदेश में 17.40, छत्तीसगढ़ में 11.71, राजस्थान में 10.77, तेलंगाना में 3.76, हिमाचल में 1.88, तमिलनाडु में 1.48 और केरल में 0.48 फीसदी है। इन सबके सामने अभी भी बहुआयामी गरीबी से बाहर आने की चुनौती बनी हुई है। सरकार ने 2030 तक देश के ऐसे सभी नागरिकों को बहुआयामी गरीबी से बाहर करने का लक्ष्य रखा है। नीति आयोग के दस्तावेज के मुताबिक सरकार की तरफ से चलाए जाने वाले पोषण अभियान व एनीमिया मुक्त भारत अभियान से स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में खासी मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तिकरण में करीब 51 करोड़ से अधिक जनधन खातों, करीब 134 करोड़ आधार कार्ड, तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं, की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचे की असाधारण भूमिका रही है। इसी शक्ति के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इसके साथ-साथ वर्ष 2020 से गरीबों व कमजोर वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण ने भी गरीबों के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है। ज्ञातव्य है कि सरकार के द्वारा पीएमजीकेएवाई के तहत

गरीबों को इस माह जनवरी 2024 से आगामी पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने के को जारी रखने की मंजूरी दी गई है। इस परिप्रेक्ष्य में यहां विगत 6 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। एशिया पेसीफिक ह्यूमन डेवलेपमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में प्रतिव्यक्ति आय वर्ष 2000 में जहां करीब 37 हजार रुपये थी, वहीं वर्ष 2022 में बढ़कर करीब 2 लाख रुपये हो गई है।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत में बहुआयामी गरीबी घटाने में भारत में लागू की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की गई है। खाद्यान्न के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचे सुरक्षित खाद्यान्न भंडारों के कारण ही देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध होने के कारण गरीबी के दलदल में फंसने से बचाया जा सका। यद्यपि देश में एक ओर गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन, वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पोषण अभियान, समग्र शिक्षा आदि से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी लाने और स्वास्थ्य व भुखमरी की चुनौती को कम करने में सहायता मिली है, लेकिन अभी भी बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे करीब 15 करोड़ से अधिक गरीबों को सरकार के लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2030 तक गरीबी से बाहर लाने के लिए विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की दिशा में बहुत प्रयासों की जरूरत है। हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि यद्यपि गरीबों के सशक्तिकरण के साथ देश में प्रतिव्यक्ति आय भी बढ़ी है, लेकिन अभी भी भारत दुनिया के उन प्रमुख 10 देशों में शामिल है, जहां बीते 20 वर्षों में लोगों की आय में असमान इजाफा हुआ है। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि गरीब लोगों को मुफ्त अनाज के साथ उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए भी अधिक प्रयास करने होंगे। गरीब वर्ग की नई आबादी की खाद्य सुरक्षा के लिए अधिक खाद्यान्न उत्पादन के रणनीतिक प्रयत्न भी जरूरी होंगे। ध्यान दिया जाना होगा कि जनकल्याण के मद्देनजर लोगों को रेवड़ियां बांटने जैसा अभियान आगे नहीं बढ़े।

निश्चित रूप से नीति आयोग के द्वारा जारी बहुआयामी गरीबी में कमी प्रस्तुत करता हुआ इंडेक्स अभी भी उत्सव मनाने लायक परिदृश्य नहीं है। भारत को अभी भी निम्न आय वाला देश माना जाता है। प्रतिव्यक्ति आय में सन्तुलित वृद्धि से अधिक लोग गरीबी के दायरे से बाहर आएंगे और उनका जीवन बेहतर होगा। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि विकास की प्रक्रिया और गरीबी उन्मूलन में देश के कुछ प्रदेश बहुत पीछे छूट गए हैं। इन राज्यों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना होगा। इस बात पर ध्यान देना होगा कि क्या अभी भी उन लोगों को भी एक समान राहत और नकद हस्तांतरण किया जाए जो बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आ चुके हैं। चूंकि कोविड-19 के बाद बहुआयामी गरीबी को दूर करने के लिए इस वर्ग के युवाओं में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा। वहीं दूसरी ओर उन्हें कौशल प्रशिक्षण के साथ नए स्किल्स सिखाएं जाने होंगे। ऐसे विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से जहां देश में बहुआयामी गरीबी में और कमी लाई जा सकेगी, वहीं आय असमानता को कम करने में भी मदद मिल सकेगी।

ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित

दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। श्रीराम जी ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। *-स्वामी मैथिलीशरण*

पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

प्राण प्रतिष्ठा

रामबिलास शर्मा

यम नियम का पूरी श्रद्धा से पालन कर रहे पीएम मोदी



होई है वही जो राम रचि राखा,यह देश राम का है, यह परिवेश राम का है, भरोसा राम का है, प्रेरणा राम से है, ऊर्जा राम से है। भारत में हजारों तपस्वी संत, विद्वान, विप्र और सामान्य जनपत्र लिखते समय, लग्न पत्रिका लिखते समय यहां से इन लोगों की तरफ से राम-राम वचना। 550 वर्षों के संघर्ष के बाद हिंदू मानस 22 जनवरी की बेसब्री से इंतजार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिनों के लिए यम नियम का पूरी श्रद्धा से पालन कर रहे हैं। नासिक से व्रत लेकर रामभक्ति गोभक्ति इनके हाव-भावभंगिमा से ओत-प्रोत है। प्रधानमंत्री इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। कोई कार्यक्रम रद नहीं कर रहे। वैसे भी प्रधानमंत्री पूज्य मां हिराबा एक सामान्य आदमी की तरह अंतिम संस्कार कर कलकता रेल के उद्घाटन के लिए चले गए। हम लोग सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें नरेन्द्र मोदी के साथ काम करने का अवसर मिला है। उस दिन हमने उनकी आंखों की लाली से अंदाजा लगा लिया था कि उन्होने कितने आंसू बहाए हैं। धन्य है, यह धरा, यह गगन, यह चमन यह सरयू, यह अयोध्या जिनको ऐसा रामभक्त रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए नरेन्द्र दामोदर दास मोदी मिला है। सोमनाथ से अयोध्या तक सन 1991 में लालकृष्ण अडवानी की रथ यात्रा पर सारथी नरेन्द्र भाई मोदी हरियाणा में मुझे भी रथ की अगुवाई का सौभाग्य मिला। अडवानी ने ठीक ही कहा है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा नरेन्द्र मोदी से ही होनी थी। यही नियति का फैसला है। स्वामी रामभद्राचार्य इस मूहुर्त को सबसे उपयुक्त मानते हैं। संत मुरारीबापू एक हजार कथाएं देश और विदेश में पूरे समाज में चित्रकूट में रामभक्त मिलन पर तीन दिन तक आंसू बहाते हुए यह दृश्य लोगों ने देखा है। जूना अखाड़े के प्रमुख संत स्वामी अवधेशानंद गिरी स्वागत कर रहे हैं। देश उत्सव के मूड में है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ अयोध्या में ही डटे हुए हैं। रामसेतु बन रहा था तो एक गिलहारी ने अपने शरीर पर मिट्टी चिपकाई और रामसेतु पर डाली। भगवान राम की नजर पड़ी। आज भी गिलहरी के शरीर पर भगवान राम की तीन उंगलियां के निशान हैं। मेरी श्रद्धा ने कहा है कि गिलहारी का योगदान का उल्लेख करना आज जरूरी है। मेरा सौभाग्य है कि महेन्द्रगढ़ से एक बड़ा जत्था लेकर कारसेवा के लिए गए। हमें मुरादाबाद में गिरफ्तार किया और बुलंदशहर डी.ए.वी कॉलेज में रखा गया। 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या में गोली चली हमें बुलंदशहर जेल छोड़ा दिया और लखनऊ पहुंचे। वहां कर्फ्यू लगा हुआ था। हरियाणा के बिग्रेडिर ने हमें वहां पर पहुंचाया। आज उन कारसेवकों में से 20 से ज्यादा राम को प्यारे हो चुके हैं। जिन आंखों के सामने यह घटित हुआ वो कैसे भूल सकते हैं। जब रंज बूतों ने दिया तो खुदा याद आया। सन 2007 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कपिल सिब्बल को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में रामसेतु के बारे में शपथ पत्र दिया था कि श्रीराम, सीताजी, हनुमानजी और श्रीवाल्मिकीजी की ये गाथा काल्पनिक हैं इनका कोई धार्मिक महत्व नहीं है। रामसेतु को तोड़ा जा सकता है। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि मंदिर में हिंदु लड़कियों को छेड़ने जाते है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार करना और पुरे देश को राममय का वातारण देखते हुऐ यूपी राज्य कांग्रेस के नेताओं का सरयू नदी में नाटक करना यह विरोधाभास जनता देख रही है। हमारा सौभाग्य है कि सन 1990 का जोश जेल के सींखचों में से देखा। हंसते-हंसते शहीद हो गए थे। रामभक्ति तब भी प्रचंड थी। रामभक्ति को मुगल दबा नहीं सके। यह समाज लगातार अपनी श्रद्धा के लिए लड़ते रहे। रोम यूनान मिस्त्र मिट गए जहां से, कुछ बात है कि हस्ती मिटती नही हमारी। रामायण दस हजार वर्ष पुरानी हमारी कहानी है। कैकई के कारण राजा दशरथ के प्राण चले गए, राजाराम को 14 वर्ष का वनवास हुआ।

यक्षगान

यक्षगान कलाकारों ने उडुपी के कर्नाटक में गुरुवार को परयाया सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

आज की पाती

राममन्दिर प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव पूरे देश के लिए सौभाग्य

राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। राम के जीवन का एक एक प्रसंग प्रेरणास्पद है। राम के जीवन की विन्रमता, सरलता, सूझबूझ, उदारता और सद्गुण निष्ठा आदि के लिए जितना भी कहा जाए कम है। राममन्दिर की प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर राजनैतिक दल भ्रांतियां फैला रहे है। वह उनकी समझ है।भाजपा ने अदालत के माध्यम से राममन्दिर का विवाद निपटाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। भाजपा अग्रणी पार्टी होने के बावजूद देश में किसी के साथ अन्याय की बात नही की है। जो दल प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव में निमंत्रण के बावजूद शरीक नही हो रहे है। उनकी अपनी इच्छा है। प्रभु इच्छा है। कांग्रेस ने प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव में जाने से इनकार कर दिया है। समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव शायद नही जाएंगे। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

अंगदान को प्रेरित करेगा

62 वर्षीय महिला की विरासत जीवन के उपहार के माध्यम से जीवित है। मैं करुणा और परोपकार के इस महान कार्य को सलाम करता हूं। यह नेक कार्य 4 लोगों को नया जीवन देगा और अन्य लोगों को भी अंगदान के अभियान को मजबूत करने के लिए प्रेरित करेगा।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

नौकाओं को रोकने की योजना

मेरे पास नौकाओं को रोकने की योजना है। छोटी नावों का आगमन कम हो गया है। लेबर यह नहीं कह सकती कि वे नावों को कैसे रोकेंगे क्योंकि उनके पास योजना नहीं है। हमें अपेक्षित दीर्घकालिक परिवर्तन की योजना पर कायम रहना चाहिए।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

यही रामराज्य है

यह देखकर बहुत खुशी होती है कि नरेंद्र मोदी राम का अनुष्ठान कर रहे हैं। सिर्फ एक नेता को नहीं, बल्कि भारत के सभी नेताओं और नागरिकों को स्थिर और समृद्ध भारत बनाने के लिए अनुष्ठान में शामिल होना चाहिए। है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

बचत न्यूनतम स्तर पर

15 दिन में मोदी सरकार अपने कार्यकाल का आखिरी बजट पेश करेगी। कुछ तथ्य- देश के परिवारों की बचत 50 साल में सबसे न्यूनतम स्तर पर है, जबकि सरकार का कुल क़र्ज़ (केन्द्र : 5.9%, राज्य : 3.1%) क़रीब 9% तक रहने का आकलन है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

करंट अफेयर

नेपाल में हिंदू समुदाय को प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार



नेपाल में हिंदू समुदाय अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उत्साहपूर्वक इंतजार कर रहा है। नेपाल के हिंदू विशेष तौर पर मधेश प्रांतवासी इस अवसर को बड़ी धूमधाम से मनाने की योजना बना रहे हैं। जनकपुर स्थित जानकी मंदिर कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा है। जनकपुर को भगवान राम की पत्नी जानकी (सीता) जी का जन्मस्थान माना जाता है। भगवान राम की पत्नी सीता का दूसरा नाम जानकी है जो जनकपुर के राजा जनक की पुत्री थी। जनकपुर नेपाल की राजधानी से 220 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में है।

ऑफ बीट

बीमार होने पर उदास और चिंतित क्यों होते हैं



सर्दियों की बीमारियाँ इस समय हमारे चारों ओर हैं - सामान्य सर्दी, कोविड -19 और फ्लू से लेकर गले में खराश और पेट के कीड़े तक। सभी में एक बात समान है: वे आपको दुखी महसूस करा सकते हैं। ये बीमारियाँ अक्सर थकान, भूख न लगना और एकाग्रता में कठिनाई के साथ आती हैं। पीड़ित अक्सर अकेले रहना चाहते हैं, कई लोग दु:ख और चिंता का अनुभव भी करते हैं। शोधकर्ताओं ने इसका खुलासा कर दिया है कि ऐसा क्यों है। जब आपके शरीर पर किसी रोगज़नक़ का हमला होता है, तो आपकी कुछ प्रतिरक्षा कोशिकाएं रोगज़नक़ को पहचानती हैं और खतरे को खत्म करने के लिए कार्रवाई करती हैं।

संक्षेप

सुल्तानपुर में 43 साल बाद हत्या के केस में सजा

पूर्व प्रधान सहित 2 हत्यारों को आजीवन कारावास, 80 हजार का लगाया अर्थदंड

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में 43 वर्ष पूर्व रंजिश में हुई हत्या के दो दोषियों को एडीजे अंकुर शर्मा ने आजीवन कारावास व 80 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना कोतवाली नगर के इमिलिया गांव में हुई थी सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल ने बताया कि समर बहादुर ने 21 मार्च 1980 को एफआईआर लिखाई थी। जिसके अनुसार उसके पिता जदुनाथ सुबह करीब दस बजे खलिहान जा रहें थे तभी रास्ते में उन्हें घेर लिया गया। दल सिंगार, बल्लम अम्बिका व गया प्रसाद ने लाठी तथा शिव प्रसाद ने फरसा से मारा। हल्ला-गुहार पर लोग पहुंचें तब आरोपित भाग गए। गंभीर हालत में जदुनाथ को अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें इलाहाबाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा। विचारण के दौरान ही गया प्रसाद और अम्बिका की मौत हो गई। अभियोजन ने 8 गवाह परीक्षित कराए। दल सिंगार बाद में गांव के प्रधान भी चुने गये थे। साक्ष्यों व चोटों के आधार पर जज ने दोनों को धारदार हथियार से मारकर हत्या करने का दोषी ठहराकर बुधवार को जेल भेजा था। अब सजा काटने के लिए भेज दिया है। अर्थदंड से पचास हजार रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में वादी को देने का आदेश दिया है।

हमीरपुर में सड़क किनारे मिला वृद्ध का शव

अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर, लकड़ी बेचकर वापस नहीं लौटा था गांव

राठ, हमीरपुर में राठ कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव निवासी एक वृद्ध का हमीरपुर मार्ग पर श्यामला देवी गेट के पास शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची राठ कोतवाली पुलिस ने शव को सीएचसी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। राठ कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव निवासी नंदकिशोर अहिरवार उर्फ नंदू 52 वर्ष पुत्र सरजू अहिरवार के दो पुत्र आनंद और धर्म सिंह हैं। नंदू के दोनों के पुत्र दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। नन्दकिशोर उर्फ नंदू औंता गांव में अकेला रहता था। नंदकिशोर उर्फ नंदू के भतीजे नारायन दास पुत्र काशीराम ने बताया कि उनके चाचा के पास कुछ साल पहले जमीन का पट्टा था। चाचा ने पट्टा बेच दिया था। बताया कि पट्टे के जमीन पर लगे कुछ पेड़ कटवाने के बाद नंदू गांव के कुछ लोगों के साथ पेड़ों की लकड़ियों को बेचने के लिए राठ आया था। लकड़ी बेचने के बाद उसके साथी वापस गांव लौट गए और नंदू राठ में काम होने की बात कहते हुए गांव नहीं पहुंचा। जिसके बाद हमीरपुर रोड स्थित श्यामला देवी गेट के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसके चाचा नन्दकिशोर उर्फ नन्दू जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी विशाल शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में उत्साह है। इसी क्रम में जनपद बहराइच के विकास खण्ड क्षेत्र बिशेश्वरगंज स्थित इमरती कुरसहा शिव मंदिर भी में रविवार को शम्भू नाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा की अगुवाई शिव सेवा समिति इमरती के द्वारा किया गया। शिव मंदिर के परिसर से जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों के बीच विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल भगवान श्री राम अलौकिक झांकी की मनमोहक छबि देखने से लोग मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य मार्गों से होकर निकली शोभायात्रा को देखने

के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में सनातन ध्वजों के साथ तिरंगा भी लहराता रहा। श्री शिव मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने दोपहर 11शोभायात्रा की शुरूआत कराई। शोभायात्रा क्षेत्र के विभिन्न मार्ग मधिनगरा पुरैना बाजार सुजानडीह से होती हुई पृथ्वीनाथ मंदिर से वापस शिव मंदिर इमरती पहुंची। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ से बिशेश्वरगंज इकौना मार्ग पर करीब कुछ समय तक जाम बना रहा। बाजार मे शोभायात्रा निकलने के दौरान छतों पर मौजूद महिला व पुरुषों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा अगुवाई नवलकिशोर पांडे रामकिशुन शुक्ला ननकऊ बाबा लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला राजकुमार शुक्ला मण्डल अध्यक्ष धनुही अरविन्द कुमार मिश्रा ददन पांडे राहुल शुक्ला प्रमोद राहुल पांडे सुरेश गुप्ता अम्बुज पांडे शिव कुमार पांडे आदि श्री राम भक्त शोभायात्रा में शामिल रहे।

फावड़ा से काटकर बुजुर्ग की दिनदहाड़े हुई हत्या, खौफ

कोतवाली नानपारा के अंतर्गत चंदनपुर गांव का मामला

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा थाना कोतवाली नानपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदनपुर गांव में रविवार दोपहर एक बुजुर्ग की दिनदहाड़े फावड़े से काटकर हत्या कर दी गई जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची नानपारा पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है और जांच में जुट गई है अभी तक पता नहीं चल पाया है कि आखिर किस बात को लेकर बुजुर्ग की हत्या की गई। चंदनपुर गांव निवासी शहादत पुत्र अमीरे उम्र करीब 65 वर्ष की फावड़ा से काटकर हत्या कर दी गई हत्या करने वाले व्यक्ति को मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

मौसम सही होने पर खाली खेतों में गन्ने की बुवाई कर दे सभी किसान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। इस समय जो भी खेत खाली है, किसान उनकी तैयारी अच्छी प्रकार से कर ले ! तत्पश्चात मौसम सही होने पर गन्ने की बुवाई शुरू कर दे यही अच्छी उपज का मुख्य आधार है खेत की तैयारी के समय 10 किलो ट्राइकोडर्मा एवं 3 बैग पारले जैविक शक्ति खाद एक साथ मिलाकर प्रयोग करें जिससे भूमि शोधन जरूर हो जाये समय पर बुवाई करने से बीज की उपलब्धता, रोग, कीड़ो से बचाव, जमाव बहुत अच्छा ,अधिक उपज बीज शोधन हेक्सा टॉप, इमिडा, यूरियासे करे। अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां लगाए जैसे 15023, 14201, 0118, 0238,98014 इसके अलावा ट्रेंच विधि द्वारा ही गन्ने की बुवाई 4 फीट पर करे जिससे प्रति एकड़ बीज 20 कुंतल मात्र ही लगेगा नई प्रजाति 15023 जरूर लगाए जिससे नर्सरी तैयार हो जाये। वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा दे और खेती को व्यापार माने बीज यदि नहीं है, इसके लिए पारले गन्ना अधिकारियों से संपर्क कर ले इसलिए अधिक से अधिक क्षेत्रफल में किसान गन्ना लगाए इन सभी बातों का अनुरोध अपने किसानों से पारले के एसोसिएट मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान किया गया इस अवसर पर काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

रास्ते की भूमि से तहसील प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के रामवापुर गांव में आज मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बृजेश कुमार की अध्यक्षता में गठित हुई टीम द्वारा गाटा संख्या 946 व 957 रास्ते की जमीन पर गांव के ही दीनबंधु द्वारा बनाए गए निर्माण कार्य को न्यायालय के आदेश पर हटवाया गया जिसमें उनका छप्पर चन्नी नांदा चन्नी दीवाल आदि प्रशासन ने गिरवा कर खाली कराया नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया गांव के ही मस्तराम द्वारा उच्च न्यायालय के क्रम में कराए गए आदेश का अनुपालन करते हुए आज रास्ते की जमीन को खाली करा दिया गया है जिस पर अब किसी तरह से कोई कबजेदारी नहीं है ना ही किसी प्रकार का आवागमन बाधित नही है। इस मौके पर कानूनगो मनोहर लाल यादव लेखपाल महावीर राय लेखपाल आशीष लेखपाल शैलजा सिंह मौजूद रही।

तेंदुए के हमले में गई गोवंश की जान, ग्रामीणों में खौफ

ग्रामीणों ने पिंजरा लगाकर तेंदुआ पकड़ने की वन विभाग से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में जहां लगातार बाघ व तेंदुए की मौत हो रही है। वही तेंदुए हमलावर भी हो रहे हैं। रेंज मोतीपुर के अंतर्गत सोमई गौढ़ी गांव के मजरा बहराइच पुरवा में शनिवार देर रात गांव में पहुंचे तेंदुए ने मुरली पुत्र प्यारे के बंगले में बंधे पालतू गोवंश पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। गोवंश की चिल्लाहट पर जब ग्रामीण जगे तो उन्होंने हांका लगाया और शोर मचाया तब जाकर तेंदुआ गन्ने के खेत की ओर चला गया। गांव में घुसकर किए गए तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में खौफ है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग जल्द ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाएं जिससे तेंदुए को पकड़ा जा सके। ग्राम प्रधान जयप्रकाश यादव ने बताया कि गांव में तेंदुए ने हमला कर गोवंश को मार दिया है ग्रामीणों में खौफ है। वन विभाग को अवगत कराया गया है मौके पर टीम आई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की गई है क्योंकि पिछले वर्ष तीन बच्चों की जान हमारे ग्राम पंचायत में बाघ व तेंदुए के हमले में जा चुकी है जिससे ग्रामीणों में खौफ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की गुहार लगाई है। मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकार मोतीपुर एसके तिवारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा पग चिन्हों से तेंदुए के हमले की पुष्टि की। साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए एक टीम लगाकर गस्त बढ़ा दी है।

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समिति द्वारा रुपईडीहा में निकाली जाएगी शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समिति 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रही श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के दिन शोभायात्रा निकालेगी। इसी को लेकर नगर को भव्य रूप से सजाया गया है। नगर के मंदिरों व शिवालेयों में साफ सफाई की गई है। लोगों ने अपने घरों व दुकानों को झंडियों से सजाया है। सोमवार को इस भव्य आयोजन का उत्सव पूर्ण माहौल बनेगा। पूरा क्षेत्र भगवामय हो चला है। स्थानीय श्री राम जानकी मंदिर के महंत भगवान दास ने बताया कि सोमवार को दिन में 12:00 बजे से मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। राम के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां के साथ सनातनी ध्वज लेकर श्री राम का जयकार करते हुए निकलेंगे। इस पर्व को मनाने में रामजानकी वार्ड के सभासद नरेंद्र मदेशिया के नेतृत्व में श्री राम भक्त रिंकू अवस्थी, योगेंद्र शर्मा आदि दर्जनों युवक तल्लीनता से इस समारोह को यादगार बनाने के लिए दिनरात एक कर रहे है। यह शोभायात्रा बाबागंज चरदा जमोग व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से होती हुई पुनः रामजानकी मंदिर में विसर्जित होगी। उसके पश्चात भगवान श्री राम की आरती की जायेगी। ततपश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

नगर पंचायत कर्मियों को जल्द मिलेगा वेतन

चेयरमैन से मिला आश्वासन, काम पर लौटे कर्मचारी

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के कर्मचारियों को अगस्त माह से वेतन न मिलने से आहत नगर पंचायत कर्मियों की हड़ताल 16वें दिन चेयरमैन के आश्वासन पर समाप्त हुई। चेयरमैन प्रतिनिधि बसन्त कुमार सिंह ने कर्मियों को शीघ्र वेतन दिलाये जाने को लेकर आश्वस्त करते हुए हड़ताल समाप्त किये जाने को कहा नगर पंचायत कार्यालय में रविवार को हड़ताल पर डटे नगर पंचायत के कर्मचारियों से मिलकर चेयरमैन प्रतिनिधि बसन्त कुमार सिंह ने बताया कि आप लोगों के वेतन आहरित होने के सम्बंध में कार्य प्रगति पर है, शीघ्र ही भुगतान कराया जायेगा। उन्होंने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों से वार्ता कर, उनको मिष्ठान खिलाकर उनकी हड़ताल समाप्त करवाई। मालूम हो कि नगर पंचायत में काम कर रहे कर्मचारियों को माह अगस्त से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिसको लेकर कर्मचारी 5 जनवरी से हड़ताल पर थे। कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से नगर की साफ सफाई सहित सभीकार्य बाधित थे। चेयरमैन बालेन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा मिले आश्वासन पर कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने की बात कही। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चेयरमैन द्वारा 15 दिनों में वेतन भुगतान कराये जाने का आश्वासन दिया गया है, अगर समयावधि में वेतन नही मिला तो पूनः आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि तीरथ राज तिवारी, विवेक नारायण, बजरंग बहादुर शर्मा, अनुपम सिंह, विजय गौतम सहित नगर पंचायत के कर्मी मुकेश अग्रवाल, सूरज मौर्य आलोक ब्रजनाथ, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई हनुमानजी की भव्य कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक के बेदौरा में स्थित हनुमान मन्दिर पर ग्राम प्रधान त्रिलोकी सिंह, मदन सिंह, गंगा राम यादव की अध्यक्षता में चल रहे कायाकल्प के पश्चात आज हनुमानजी की मूर्ति स्थापना के लिए हवन पूजन हुआ। तत्पश्चात मौजूद पुजारी मदन त्रिपाठी, धरनीधर मिश्रा ने वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन करवाया औ? ग्रामीणों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मूर्ति के साथ साथ ग्रामीणों ने प्रभात फेरी निकाली जिसमें गायत्री आश्रम परसेंडी बेदौरा गजाधरपुर मन्दिर रमवापुर समेत विभिन्न गांव का भ्रमण कर जयकारों से डीजे बाजे पर जमकर भक्त नाचते गाते हुए स्थान पर पहुँचे जहां कीर्तन भजन कर लोगो ने आशीर्वाद लिया। समाजसेवियों द्वारा कराए जा रहे मन्दिर के जीर्णोद्धार की लोग जमकर तारीफ करते नजर आए। इस मौके पर मदन सिंह सन्त कुमार सिंह, लल्लन आदि मौजूद रहे। वहीं कुंडासर ग्राम प्रधान अनिल सिंह द्वारा मूर्ति स्थापना से पूर्व गुलहरिया तक निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में सैकड़ों भक्त गण मौजूद रहे।

पयागपुर थाना परिसर में बलवा मॉक ड्रिल का किया गया अभ्यास

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। अयोध्या 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पयागपुर पुलिस ने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। विपरीत परिस्थितियों में कैसे निपटना है और दंगा आदि को कैसे नियंत्रित करना है। इसके लिए रविवार को थाना पयागपुर परिसर में बलवा ड्रिल का आयोजन हुआ। जहां दंगा उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने मातहतों को आवश्यक टिप्स भी दिए। करीब दो घण्टे चले बलवा ड्रिल व प्रशिक्षण में सभी पुलिस कर्मियों व चौकीदार को बलवा या दंगा के दौरान बलवाइयों पर पुलिस की तरफ से की जाने वाली कार्यवाही को अलग अलग टीम बनाकर प्रदर्शित किया गया इस दौरान थानाअध्यक्ष पयागपुर कमलशंकर चतुर्वेदी बलवा ड्रिल के दौरान पाई गई खामियों पर विस्तृत रूप से पुलिस कर्मियों को फीडबैक लेकर सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही साथ चप्पे चप्पे पर पुलिस निगरानी कर रही है।

हमीरपुर पुलिस के हत्थे चढ़े मादक पदार्थ तस्कर

- पुलिस लाखों रुपए का मादक पदार्थ किया बरामद, मध्यप्रदेश से कानपुर ले जाया जा रहा था

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, हमीरपुर पुलिस ने आज बड़ी कार्यवाही करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से मादक पदार्थ के 51 पैकेट बरामद हुए हैं। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया की उनके उड़ीसा और मध्यप्रदेश से तार जुड़े हुए हैं। इसकी तस्दीक कराई जा रही है।

मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों को पकड़ने में कामयाबी मिली है बिवांर थाना पुलिस को। पुलिस ने बताया की उनके मुखबिर से सूचना मिली थी की एक कार के माध्यम से लाखों रुपए का गांजा मध्यप्रदेश से कानपुर ले जाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महेरा गांव के पास चेकिंग लगाई हुई थी, तभी टोयोटा कार दिखाई दी

जिसको रोकने पर 51 पैकेट गांजा बरामद हुआ है। सीओ सर्किल श्रेयश त्रिपाठी ने खुलासा करते हुए बताया की इन तस्करों के तार अन्य प्रदेशों से जुड़े हैं जिनकी तस्दीक की जा रही। पकड़े गए अभियुक्त किशन सिंह और शत्रुघ्न वर्मा के पास से 51 पैकित गांजा, एक तमंचा और 26 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

हिन्दू युवा वाहिनी ने किया चार सौ जरूरतमन्दों को कम्बल वितरण

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। रविवार गजाधरपुर में में हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने भव्य आयोजन कर कम्बल वितरण व खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लगभग 400 कम्बल वितरित किया गया और लोगो को खिचड़ी खिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष अनुज कुमार त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि अम्बिका प्रसाद वर्मा व अभय राज सिंह रहे। कार्यक्रम आयोजक प्रमोद कुमार व राहुल गौड़ की अध्यक्षता में सम्पन हुआ। इस अवसर पर सुबाष दीक्षित ,संजय गुप्ता, महेश सिंह सुनील पांडेय बालक राम कमलेश वर्मा, महेश त्रिपाठी, हर्दय राम गुप्ता, चन्दन गौड़ ,नंदन गौड़, राजन सिंह, नान बाबा, उदय राज वर्मा, अक्षय सिंह मुकेश पाठक ,लल्ला महराज, पवन सैनी, सन्दीप अवस्थी, सुनील शुक्ला, उमाशंकर शुक्ला, ,सन्तोष शुक्ला, रामू, अंकित तिवारी, पवन वर्मा आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

अम्बेडकरनगर में मची मुर्गियों की लूट

- पुलिस ने मुर्गी लेकर भाग रहे लड़कों को पीटा, मार्केट में बीच सड़क पर पलट गई थी डीसीएम

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में बरियावन बाजार में मुर्गियों से लदी डीसीएम पलट गई। वाहन पलटने के बाद सड़क से गुजर रहे लोग मुर्गियों को लूटने लगे। कई लोग दो-दो मुर्गियों लेकर भग गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुर्गियां लेकर भाग रहे लोगों की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो अकबरपुर थाना इलाके का बताया जा रहा है। गुरुवार को अकबरपुर की तरफ से मुर्गी लेकर जा रही डीसीएम बरियावन बाजार के पास अचानक पलट गयी। डीसीएम पलटने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पंहुच गये और डीसीएम में लदी मुर्गी को लेकर भागने लगे। किसी के हाथ दो तो किसी के साथ 4 मुर्गियां आई। इसी बीच हादसे और मुर्गियों की लूट की सूचना पर पंहुची पुलिस ने मुर्गी लेकर भाग रहे कई लड़कों को पकड़ लिया। उन्हें पीटा और हाथ से मुर्गियों को छुड़ाकर वापस कराया। मुर्गी लेकर भाग रहे लोगों की पुलिस द्वारा पिटाई का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर बीबी सिंह ने बताया कि सुबह मुर्गी लेकर जा रही डीसीएम पलट गयी थी, वहां पंहुचे लोग मुर्गी लेकर भागने लगे, जिसको पुलिस रोक रही थी। कुछ लोग मुर्गियां छोड़ नहीं रहे थे, इसलिए उन्हें समझाया गया।

संक्षेप

अलग-अलग विवाद में तीन पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के रानीडीह और जंगल अव्वल में अलग अलग विवाद में पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रानीडीह निवासी शुभम तिवारी पुत्र इंद्रजीत तिवारी शनिवार को दिन में 11 बजे क्रिकेट खेल रहा था। उसी दौरान गांव का एक लड़का आया। पिच खोदने लगा। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए। मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने आरोपी शिवम सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी रानीडीह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही जंगल अव्वल निवासी अमरजीत पुत्र लालमन को शनिवार सुबह 10 बजे पैसे और धान चावल को लेकर बाप बेटे ने मिलकर पीट दिया था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी धर्मवीर,लालमन के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

बाइक एक्सीडेंट के पश्चात घायल की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजनपुर गांव के समीप भट्ठा के पास आमने-सामने दो मोटरसाइकिलों में भीषण भिड़ंत हो गई विगत रात्रि शनिवार प्रातः रविवार को हुई भिड़ंत में भिखनीपुर थाना चांदपुर निवासी 55 वर्षीय चिरंजीवी पुत्र महादेव को गहरी चोट पहुंची वही दूसरी मोटरसाइकिल में सवार बांदा जनपद के तागामऊ निवासी प्रदीप कुशवाहा पुत्र विजयपाल कुशवाहा को भी चोट आई हालत गंभीर देख सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी चांदपुर बच्चेलाल प्रसाद ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली भेजा जहां अधेड़ चिरंजीवी की बीच रास्ते में ही मौत हो गई वही घायल प्रदीप कुशवाहा को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर किया मौत की सूचना मिलते ही चिरंजीवी के परिवार में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार युवक सठिगवां कस्बे से एक निमंत्रण में शामिल होकर अपने घर भिखनीपुर वापस जा रहा था थाना प्रभारी बच्चे लाल प्रसाद ने शव का पंचनामा करते हुए शव विच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया वहीं बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई परिजनों के तहरीर के आधार पर की जाएगी

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंदिरों की हुई साफ सफाई

दीपोत्सव और हवन कीर्तन का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र में 22 जनवरी को अयोध्या धाम में नवनिर्मित भव्य राममंदिर में स्थापित की गयी श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग भक्तिभाव से सराबोर हो उठे हैं। मंदिरों को सजाया जा रहा है। जगह जगह रामचरित मानस के अखंड पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है।

रविवार को छपिया काली मंदिर, सरया शिव मंदिर,0कालेसर शिव मंदिर उसका में काली मंदिर परिसर का ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में ग्राम प्रधान सहित नागरिकों के साथ मंदिरों की साफ सफाई की गई। ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने बताया कि पूरा क्षेत्र भक्तिभाव से सराबोर हो गया है।सोमवार को दिन में मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ तथा सायंकाल दीपोत्सव किया जायेगा। तत्पश्चात भण्डारा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को प्रसाद का भी वितरण होगा। सरया के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगेश्वर सिंह ने बताया कि अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा देखने वाली वर्तमान पीढ़ी बहुत ही सौभाग्यशाली है।

भगवान कल अपने घर पधार रहे है।छपिया के प्रधान प्रतिनिधि काली प्रसाद सिंह ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाना है। पूरी दुनिया की निगाह कल अयोध्या के ऐतिहासिक पल देखने के लिए आतुर है। इस दौरान ग्राम प्रधान काली प्रसाद सिंह,अनिल सिंह,गंगेश्वर सिंह प्रधान,अजय यादव, शिवसागर शर्मा, रमेश सिंह, दयाशंकर सिंह, हीरालाल गुप्ता पूर्व प्रधान सरया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आईटीएम के बच्चो द्वारा निर्मित श्रीराम दृष्टि अंगूठी नेत्रहीन की करेगा मदद्द

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। आईटीएम गीडा गोरखपुर बीटेक की चार छत्रा अमृता सिंह संगीता कुमारी, अमृता मौर्या, अंशिका सिंह नें अपने शिक्षक विनीत राय के साथ मिलकर नेत्रहीन लोंगो के लिए श्रीराम दृष्टि नाम का एक ऐसी अंगूठी तैयार किया है जो नेतृहीन लोंगो को रास्ता दिखाएगी अंगूठी को आईटीएम गीडा की छात्राओं नें बनाया है आईटीएम गीडा के छात्राओं द्वारा बनाया गया श्रीराम अंगूठी के दो भाग है पहला दिव्यांग जन के ऊँगली में श्रीराम अंगूठी होगा जिसमें एक बटन होता है दूसरा होता है रिसिवर ऑडिओ डिवाइस जो श्रीराम मंदिर व किसीभी धार्मिक स्थल मेडिकल स्टोर सभी जरुरी स्थानों के आस पास लगे होंगे।छात्रो ने कहा कि भविष्य मे इस प्रोजेक्ट को हम स्मार्ट सिटी से जोड़ कर ब्लाइंड पर्सन लोंगो के लिए भी कुछ कर सकतें है ऊँगली मे पहने श्रीराम दृष्टि अंगूठी में लगे एक बटन को दबाना है जैसे अंगूठी का बटन दबेगा अंगूठी का सिग्नल वहाँ पर आसपास लगे रिसिवर को एक रेडिओ सिग्नल भेजता है जिससे वहाँ पर लगा ऑडिओ डिवाइस एक्टिवेट हों जाता है। इसे बनाने 1100 रुपए का खर्च आया है और 6 दिनों का समय लगा है इसे बनाने मे ऑडिओ मॉडुल, रेडिओ , बैटरी, रिंग, का इस्तेमाल किया गया है आईटीएम कॉलेज के निदेशक डॉ0 एन के सिंह नें बताया नेतृहीन व्यक्तियों को ध्यान मे रखते हुए छात्रों ने दृष्टि श्रीराम नाम का डिवाइस तैयार किया है आने वाले समय मे इस टेक्नोलॉजी को स्मार्ट सिटी से जोड़ दिया जायेतो नेतृहीन व्यक्तिओं को सड़को पर काफी मदद मिल सकती है

राजस्व टीम ने स्टेडियम की भूमि को किया चिन्हित, काश्तकारों ने निर्माण को रोक रखा था

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के भोलाराम मस्करा इंटर कालेज खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण में आ रही बांधा को राजस्व टीम ने भूमि चिन्हित कर बांधा को समाप्त करा दिया है। रविवार को तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया के नेतृत्व में राजस्व टीम निर्माण चल रहे स्टेडियम की भूमि चिन्हित करने पहुंची। और आराजी संख्या 00560 भूमि को चिन्हित किया। पूर्व में निर्माण चल कार्य को कास्तकार देवी प्रसाद,रघुनाथ सिंह,जगदीश नारायण आदि लोगो ने रोक दिया था। जिससे कार्य रुका हुआ था। राजस्व टीम द्वारा भूमि को चिन्हित कर समस्या का समाधान करा दिया गया।इस दौरान नायब तहसीलदार भानू प्रताप सिंह,नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया,राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार ,सतीश तिवारी,मोतीलाल, विनय श्रीवास्तव, लेखपाल, रामसजीवन ,रत्नेश मणि,चंद्र प्रकाश पांडेय,जितेंद्र मिश्रा, संजय वर्मा, वरूण सिंह,सुनील सिंह,रामदयाल सिंह,जितेंद्र कन्नौजिया मौजूद थे।

रामलाल के आने की खुशी में विधायक व जिलाध्यक्ष के द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा में भगवान श्री राम की अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक भव्य विशाल शोभा यात्रा घघसरा बाजार में निकला गया।

इस शोभा यात्रा को विधायक प्रदीप शुक्ला व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह के द्वारा आरती के साथ शुभारंभ किया गया।यात्रा में प्रभु राम व श्री हनुमान जी की तस्वीरों वाले केसरिया झंडे और केसरिया पगड़ी यात्रा को भगवामय कर दिया। इस विशाल शोभायात्रा में ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवचरन प्रसाद, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन कसौधन, विजय मिश्रा, दिनेश मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, भोरई बाबा,सहित अन्य भाजपा के लोग उपस्थित रहे।

नीति आयोग सीनियर रिसर्च आफिसर ने अन्नपूर्णा भवन का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत मिनवा में सरकार ने कोटे के सामान रखने के लिए जगह जगह अन्नपूर्णा भवन का निर्माण करा रही है। वही पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत मिनवा में निर्माण हो चुके अन्नपूर्णा भवन का नीति आयोग भारत सरकार सीनियर रिसर्च आफिसर डा मोनिका सिंह ने निरीक्षण किया। भवन की गुणवत्ता देखकर संतुष्ट दिखाई दी। वही उन्होंने कार्ड धारकों से राशन वितरण के बारे में जानकारी ली। कार्ड धारकों की बात सुन संतुष्ट नजर आई। और मौके पर मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिलाओ से बात की। और ग्रामीणों से गांव में हो रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। तो ग्रामीणों ने बताया की गांव में विकास कार्य हो रहा है। इस दौरान शांति देवी,लवकेश,रीता देवी,रामकेश,यशवंत सिंह,सुरेश जायसवाल,सावित्री देवी,रामजी,चंद्रिका,जान मुहम्मद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

जीनियस बेटी ने बढ़ाया जनपद का गौरव

होनहार बिरवान के होत चिकने पात इस उदाहरण को सही सिद्ध करते हुए गांव की बिटिया ने यूजीसी नेट क्वालीफाई करके रच दिया इतिहास

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुरे कहा गया है कि प्रतिभावान की प्रतिभा कभी छिपी नहीं रहती कही न कही वह प्रतिभा खुद में खुद अपने आप सम्मुख आ ही जाती है उसी क्रम में फतेहपुर जनपद के विकासखंड देवमई के पिपराहखेडा गांव की रहने वाली प्रतिभावान छात्रा ने नेट क्वालीफाई करके न की अपने माता पिता वा गुरु बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया आपको बता दे यह छात्रा नेट का एग्जाम द्वितीय प्रयास में बिना किसी कोचिंग के क्वालीफाई किया है इस लड़की शिक्षा के विषय में बात करे तो मैट्रिक वा सेकंडरी परीक्षा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बिंदकी से किया है और ग्रेजुएशन और मास्टर दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज यूनिवर्सिटी दिल्ली से किया है जहां दीक्षा सिंह ने हिंदी ऑनर्स में कॉलेज टॉपर रही वही मास्टर में प्रथम के स्थान के साथ द्वितीय स्थान कॉलेज में पाया आपको बता दे दीक्षा के पिता एक साधारण किसान अतुल सिंह है और माता वीना सिंह का भी अतुलनीय योगदान दिया उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया की हमलोगो ने अपनी बिटिया का हमेशा साथ दिया उसने जो भी पढ़ना चाहा उसको पढ़ाया और उन्होंने बात चीत करते हुए यह भी कहा प्रत्येक माता पिता को अपने बच्चो वा बिटिया को पूरे सहयोग से पढ़ाना चाहिए और हमेशा सकारात्मक विचार देकर आगे बढ़ने में मदद करनी चाहिए वही मीडिया से बात करते हुए दीक्षा ने कहां की मेरी सफलता का पूरा श्रेय मां पिया दादी एवम दादा के साथ सभी गुरुजनों का जिन्होंने मुझे सही दिशा निर्देशन दिया जिससे आज मैने यह सफलता हासिल हुई और साथ मैं सभी बेटियो से यह कहना चाहूंगी की अपने आप को कभी कम मत समझे क्यू को जब मन में सकारात्मक सोच होगी तो हमे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता

भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए बैजनाथ निषाद

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने किसानों के हित को लेकर सभी विकासखंडों में दलीय समिति गठित करने का निर्णय लिया जनपद के अमौली विकासखंड में आ रही निरंतर अन्ना गोवंश पशुओं की शिकायत को लेकर जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने संस्था के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए विकासखंड के सरहन बुजुर्ग ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान बैजनाथ निषाद को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल का अमौली ब्लाक अध्यक्ष घोषित किया जिला अध्यक्ष के साथ पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने पहुंचकर पूर्व प्रधान बैजनाथ निषाद को नियुक्त पत्र सौंपते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी वही कार्यभार संभालते हुए निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष बैजनाथ निषाद ने कहा कि किसानों के हित को लेकर वर्तमान में क्षेत्र में कई गौशालाएं तथा एक वृहद गौ संरक्षण केंद्र होने के बाद भी अन्ना पशुओं से निजात नहीं मिल पा रही उन्होंने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि उनके निज निवास ग्राम पंचायत से 7 किलोमीटर दूर मवई गौशाला तथा 15 किलोमीटर दूर बृहद गौ संरक्षण केंद्र बुढ़वा स्थापित है दोनों के बीच की दूरियां काफी हैं जहां लगभग आधा सैकड़ा बीघा से अधिक परती जमीन पड़ी होने के बाद भी अन्ना पशुओं से निजात देने के लिए वर्तमान सरकार ने एक गौशाला का निर्माण नहीं कराया तिरहार क्षेत्र के इस क्षेत्र में एक वृहद गौ संरक्षण केंद्र की अत्यंत आवश्यकता है जिससे इसके निर्मित होने से हजारों घूम रहे अन्ना गोवंश एक सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकते हैं तथा किसानों की फैसले चौपट होने से बच सकती हैं उन्होंने वार्ता करते हुए बताया कि कई बार भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के सदस्यों के साथ खंड विकास अधिकारी समेत जनपद के उच्च अधिकारियों तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी समस्या पत्र भेजा गया परंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रकार समस्या पर ध्यान नहीं दिया वर्तमान में उन्हें अमौली विकासखंड का कार्यभार सौपा गया है जिसके लिए किसानों के हित को लेकर वह अनवरत इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष की ओजस्वी वाणी को सुनकर मौके पर मौजूद सभी सदस्यों ने तालियो की गड़गड़ाहट से ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत किया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम अंकित सिंह चौहान पूर्व प्रधान सरहन खुर्द सेवालाल समाज सेवी अजयराज सिंह सिकंदरपुर चंद्रपाल यादव राकेश यादव अहिरनपुर तथा भागलपुर गांव के किसान अमर सिंह समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे

बरामद आपराधिक इतिहास तलाशने में जुटी पुलिस, दो चोरियों की गाड़ी बरामद करने का किया दावा

पुलिस एनकाउंटर में बदमाश की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में मवाना थाना क्षेत्र स्थित गांव भैंसा के रजवाहे पर पुलिस मुठभेड़ में घायल दलाल की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक बिलाल के परिवार वालों ने एनकाउंटर करने वाली पुलिस टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत करने की बात कही है। पुलिस एनकाउंटर में मारे गए बिलाल के परिवार वाले बिलाल पर कोई मुकदमा न होने की बात कह रहे हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस मुठभेड़ में मारा गया बिलाल तस्कर था और उसके पास से दो चोरी की गाड़ियां भी बरामद हुई हैं। वहीं एनकाउंटर करने वाली पुलिस पर सवालिया निशान उठने के बाद मेरठ पुलिस, एनकाउंटर में मारे गए बिलाल का आपराधिक इतिहास तलाशने में लगी हुई है। निष्पक्ष कार्रवाई की बात कह रही है। मंगलवार को स्वाट टीम 10 कार में बदमाशों के जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार का पीछा करते हुए मवाना थाना क्षेत्र के गांव भैंसा स्थित रजवाहे पर कार को घेर लिया था। पुलिस के अनुसार कार में सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दी थी जिसके बाद जवाबी कार्यवाही में पुलिस की गोली लगने से मवाना का रहने वाला बिलाल घायल हो गया था। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मवाना सीएचसी में भर्ती कर दिया था। जहां डॉक्टरों ने बिलाल की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। डॉक्टर घायल बिलाल को वेंटिलेटर पर लेकर उसका उपचार कर रहे थे। बुधवार रात को उपचार के दौरान पुलिस एनकाउंटर में घायल बिलाल की मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिवार वालों में हाहाकार मच गया और मृतक बिलाल के परिवार वालों ने मेडिकल अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर दिए थे। वहीं पुलिस एनकाउंटर में मारे गए बिलाल के परिवार वाले बृहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे और बिलाल का एनकाउंटर करने वाली टीम पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी। वहीं बिलाल के चाचा सत्तार का आरोप है कि बिलाल सब्जी बेचने का कार्य करता था। वह मंगलवार को रुपए लेकर मंडी से सब्जी खरीदने के लिए गया था। तभी पुलिस ने उसे उठाकर गोली मार दी। वहीं एनकाउंटर में मारे गए बिलाल के चाचा सत्तार का कहना है कि बिलाल के खिलाफ मेरठ ही नहीं देश के किसी भी थाने में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। उसके खिलाफ 151 का भी मुकदमा दर्ज नहीं है। पुलिस एनकाउंटर में मारे गए बिलाल के मामले में एसएसपी रोहित सिंह साजवान ने शुक्रवार को बताया कि बिलाल ने टीपी नगर थाना क्षेत्र से एक अल्काजार गाड़ी चोरी की थी और वह अपने साथियों के साथ चोरी की 20 में बैठकर जा रहा था तभी बिलाल की पुलिस से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में बिलाल घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। एसएसपी ने बताया कि मृतक बिलाल के परिवार वालों ने एनकाउंटर करने वाली टीम पर आरोप लगाए हैं।

मेरठ के भावनपुर में दबंगों का हथियारों के साथ डांस

वीडियो वायरल, शादी समारोह में डांस कर रहे थे दबंग, मूकदर्शक बनी रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में भावनपुर थाना क्षेत्र स्थित एक मंडप में शादी समारोह के दौरान दबंग का हथियारों के साथ डांस करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो संज्ञान में आने पर पुलिस वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। वहीं कुछ लोगों ने थाना पुलिस पर भी सवालिया निशान खड़े करें। शादी समारोह में शामिल लोगों का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी में दबंगों द्वारा जमकर हर्ष फायरिंग भी की गई लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। भावनपुर थाना क्षेत्र गढ़रोड स्थित हसनपुर चौकी के निकट ग्रैंड वेनिस फार्म हाउस है। फार्म हाउस में बृहस्पतिवार रात शादी समारोह चल रहा था। शादी समारोह के दौरान कुछ दबंग हाथों में हथियार लेकर डांस करने लगे। वहीं शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए कुछ लोगों ने बताया कि डांस कर रहे दबंगों ने जमकर हर्ष फायरिंग की। हर्ष फायरिंग की सूचना पाकर हसनपुर चौकी पुलिस फार्म हाउस पर पहुंची लेकिन उसके बाद भी दबंग पुलिस के सामने ही हाथों में हथियार लेकर डांस और हर्ष फायरिंग करते रहे। बारातियों ने बताया कि पुलिस दबंग के डांस को देखती रही।

मोक्षदायिनी मां गंगा फाउण्डेशन द्वारा रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को होगी गंगा आरती

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर मोक्षदायिनी मां गंगा फाउंडेशन चीतनाथ घाट गाजीपुर द्वारा 22 जनवर को अयोध्या में श्रींराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भव्य मां गंगा आरती 22 जनवरी सोमवार समय 06.00बजे सांध्य विशाल भारत संस्थान गाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में काशी बटुक द्वारा आयोजित किया गया है । जिसके मुख्य अतिथि डॉ स्वतंत्र सिंह होंगे।इस आयोजन में नितिन आनन्द अग्रहरी, राजेश कुमार शर्मा, स्वप्निल राय, सचिव डाक्टर जगदीश वर्मा अध्यक्ष , शंकर पाण्डेय व्यवस्थापक एवम प्रिंस सिंह मोक्षदायिनी मां गंगा फाउंडेशन चीतनाथ घाट की मुख्यभूमिका होगी।

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान!

समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग!

महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक!

बेवजह घूमने वाले मनचलो/सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी!

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र! शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान का चतुर्थ चरण चलाया जा रहा है ।इसी क्रम में आज दिनांक 21.01.2024 को नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान /नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दिदि/महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अपने-अपने बीट/गांव/ स्कूल/ कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा मिशन शक्ति के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरीत कर जागरूक किया गया ।

राजकीय महाविद्यालय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्पर्धा-24'के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर में राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की टीम ने एमए द्वितीय वर्ष की राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे 'स्पर्धा-24' के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। खो-खो में कुल पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बीए तृतीय वर्ष की टीम ने एमए द्वितीय वर्ष की टीम को एकतरफा मुकाबले में 2-1 अंक से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी प्रथम वर्ष की टीम ने बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं को 12-11 से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ह्लखो-खो प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया। छात्राओं ने खेल में हर खेलों में आज आगे बढ़ रही है जो कि वर्तमान समय में वह किसी से कम नहीं है। देश के हर क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि स्पर्धा के लिए सभी बालिका एक से बढ़कर हर क्षेत्र में आगे चल रही है जो देश का नाम रोशन कर रही है।

नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित, 70 लोगों ने कराया निःशुल्क उपचार

15 लोगों को आपरेशन के लिए ले जाया गया सीतापुर आंख का अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

श्रावस्ती। जिले के कटकुइया कला में रविवार को नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आंखों की निःशुल्क जांच, उपचार के साथ ही मोतियाबिंद से पीड़ित ऐसे रोगी जिन्हें आपरेशन की जरूरत थी उन्हें बस से सीतापुर आंख का अस्पताल ले जाया गया। आपरेशन के बाद इन सभी नेत्र रोगियों को पुनः कटकुइया कला पहुंचाया जायेगा।

कटकुइया कला के पंचायत भवन में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सीतापुर आंख का अस्पताल की ओर किया गया। शिविर में आंख की जांच कराने के लिए सुबह से ही बड़ी तादाद में लोग एकत्रित हो गए थे । इनमें कटकुइया कला के साथ ही पड़ोसी गांव के लोग भी शामिल रहे। शिविर में सीतापुर आंख के अस्पताल से आये चिकित्सकों व चिकित्साकर्मियों की 16 सदस्यीय टीम इन मरीजों की जांच में जुटी हुई थी। इन सभी मरीजों के मधुमेह की भी जांच की जा रही थी। दोपहर तीन बजे तक चले इस शिविर में 70 लोगों ने अपने आंखों की जांच करायी।इन सभी मरीजों का आवश्यक उपचार कराया गया। जांच के दौरान मिले मोतियाबिंद के 15 मरीजों को आपरेशन की जारूरत थी।उन्हें बस से सीतापुर आंख का अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा। इस दौरान वहां रहने व खाने की भी व्यवस्था उनकी निःशुल्क होगी। आपरेशन के बाद इन मरीजों को पुनः बस से कटकुइया कला पहुंचाया जायेगा। शिविर में मौजूद कटकुइया कला के ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार ने इस शिविर के आयोजन के लिए सीतापुर आंख के अस्पताल का आभार व्यक्त किया और कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए यह शिविर बेहद ही लाभकारी साबित होगा। शिविर में शामिल भाजपा नेता श्रवण वर्मा ने कहा कि ऐसे निःशुल्क शिविर उन लोगों के लिए बेहद जरूरी होते हैं जो धन के अभाव में अपना उपचार नहीं करा सकते।समाज सेवी लक्ष्मी कान्त ने भी शिविर के आयोजन के लिए सीतापुर आंख के अस्पताल का धन्यवाद ज्ञापित किया।

न्याय पंचायत स्तर पर होगा समितियां का गठन -राज दत्त पांडे

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर/ ललितपुर जिला मुख्यालय प्रवास के दौरान सहकार भारती के राष्ट्रिय पदाधिकारी राष्ट्रिय पैक्स संयोजक का ललितपुर जिला संगठन ने माला पहनाकर कर स्वागत किया आने वाली फरवरी माह की नो और दस तारीख को कर्नाटक के हबलू में होने वाले राष्ट्रीय पैक्स अधिवेशन को लेकर संगोष्ठी का सहकार भारती जिला महिला प्रमुख नीलाम सोनी के आवास पर हुआ होने वाले आयोजन अधिवेशन को लेकर ललितपुर से अधिवेशन में अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु कहा गया संगोष्ठी के मुख्य अतिथिश्री राज दत्त जी पांडे अखिल भारतीय राष्ट्रीय संयोजक पैक्स प्रकोष्ठ सहकार भारती रहे व विशिष्ट अतिथि अंचल अड़ जरिया विभाग संयोजक सहकार भारती झांसी रहे मुख्य वक्ता के रूप में श्री पांडे जी ने बताया की पैक्स को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए सहकार भारती द्वारा हर न्याय पंचायत पर समितियां बनाई जाएगी जो लोगों को पैक्सों के प्रति जागरूक करेंगी जिससे लोग अधिक से अधिक जागरूक हो वा सभी व्यक्तियों को मजबूत करने के लिए सरकार भारती अपनी विशेष भूमिका निभाएंगी इसके साथ ही साथ अगले माह पैक्स प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अधिवेशन 9 ,10 फरवरी को हुबली कर्नाटक में होगा जिसकी तैयारी पर भी चर्चा की।विशिष्ट अतिथि अंचल जी ने संगठन को मजबूत करने व सक्रिय सदस्यों की संख्या और अधिक बढ़ने पर जोर दिया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहकार भारती जिला अध्यक्ष धर्म सिंह कुशवाहा ने संगठन मजबूत करने हेतु सभी ब्लाकों पर जल्द ही ब्लॉक प्रभारी बनाने की बात कही एवं अंत में सभी का आभार व्यक्त किया बैठक का संचालन जिला संगठन प्रमुख विभूति शरण चौरसिया ने किया बैठक में बृजेश गुप्ता प्रदेश सह संयोजक श्रम प्रकोष्ठ ,रामेश्वरी सोनी जिला उपाध्यक्ष,सुरेंद्र पस्तोर जिला संपर्क प्रमुख ,नीलम सोनी जिला महिला प्रमुख, अविनाश विट्ठल देशमुख, दीप्ति राजा बुंदेला ,राजकुमारी बुंदेला एसएचजी प्रमुख, सीमा कुशवाहा, रुचि गुप्ता, कुमकुम यादव ,सुनीता ,शंकर लाल मत्स्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक, राहुल जैन, मथुरा प्रसाद सोनी ,सुनील शर्मा, अभिषेक सिंह ,आलोक जैन, संजय जैन आदि उपस्थित रहे।

बाला जी मूर्ति का स्नान के बाद कराया गया गांव भ्रमण

नयनाभिराम झांकियों के साथ निकाली शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। इटरा के बजरंगबली आश्रम में सोमवार को नवनिर्मित मन्दिर में स्थापित होने वाली बालाजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को पंचामृत स्नान कराकर उनका गांव भ्रमण कराया गया। इस मौके पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सोमवार को चन्द्रपुरवा बुजुर्ग के निवासी राजू सिंह ने मुराद पूर्ण होने पर बालाजी की मूर्ति स्थापित करने का निर्णय लिया है। रविवार को मूर्ति को पंचामृत स्नान कराने के उपरांत मूर्ति का गांव भ्रमण कराया गया। इस मौके पर विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे व नयनाभिराम झांकियों के साथ निकाली गई।सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारा संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर भूरी सिंह, मधु सिंह, मनमोहन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र पाल, अंसार अहमद, लाला यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अखिल भारतीय कुशवाहा समाज ने निकाली शोभा यात्रा

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/नगर स्थत कौसिल किशोर कुशकुटी अश्रम नदी पार राम जानकी मन्दिर में कुशवाहा समाज द्वारा भजन कीर्तन एवम्भगवान प्रभू श्री राम की शोभायात्रा निकली गई यात्रा कुशकुटी आश्रम से वीर सावरकर चौक होते हुए घन्टा घर तुवन मंदिर होते हुए कुशकुटी आश्रम पर भजन कीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री मति शकुन्तला कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भजन लाल कुशवाहा, नगर अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष कुसुमलता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष परूषोत्तम कुशवाहा नगर फूल चंद्र भगवान दास , करन , जिला सचिव राजेश जिला मीडिया प्रभारी वृन्दावन कुशवाहा समाज के बरिष्ठ पदाधिकारी मैजूद रहे।

वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ में आचार्यगण करा रहे पूजन

यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालु पुण्य के बन रहे भागी

यजमान आचार्यगण को टीका लगा पूजन कर आशीर्वाद लिया

जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में दी जा रही आहुति!

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अयोध्या धाम मणिराम छावनी धर्म मंडप में सोनभद्र के भिखारी बाबा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में पांचवे दिन रविवार को भी वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा अचार्यगण ने पूजन कराया। वहीं पर्यावरण संरक्षण हेतु जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी गई। यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालु पुण्य के भागी बन रहे हैं। यजमान आचार्यगणों को टीका लगाया और पूजन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज एवं महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ चल रहा है। आचार्यगण गोपाल धर द्विवेदी ,राधाकृष्ण तिवारी, हरीओम धर द्विवेदी, राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। मुख्य यजमान राजेश कुमार पाठक, बिरजू दास व धर्मपत्नी आशा देवी, वासु त्यागी, रामकृपाल व धर्मपत्नी चिरौजी के साथ अन्य यजमानों द्वारा जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से पर्यावरण संरक्षण हेतु यज्ञ में आहुति दी गई। वहीं दिल्ली से आए माहिप त्रिनेत्र और लखनऊ से आई डाक्टर मुद्रा ने भिखारी बाबा तथा आचार्यगण से आशीर्वाद लिया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से रामायण प्रेमी गदगद

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। जहां एक ओर पूरा देश राममय हो चुका है। चहुंओर लोग श्रीराम की भक्ति में डूबे हुए हैं तो वहीं रामायण के मानस प्रेमी भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से फूले नहीं समा रहे हैं। वह भी रामायण वाचन के माध्यम से श्री राम से लोक कल्याण की कामना करते हुए लोगों को राम और राम के आदर्शों पर चलने का संदेश दे रहे हैं। जिसका एक जीवंत उदाहरण सुमेरपुर की ग्राम पंचायत बिदोखर पुरई में देखने को मिल रहा है। यहां मानस प्रेमियों की राम और रामायण के प्रति अत्यंत आस्था है। आधुनिकता के दौर में भी लोग चौपाल लगाकर रामायण वाचन के माध्यम से श्रीराम का गुणगान कर रहे हैं। ग्राम पंचायत बिदोखर पुरई के शंकर सिंह, पूर्व प्रधान मानसिंह भदौरिया व शिवपाल विश्वकर्मा ने रामायण वाचन का सिलसिला निरंतर 10 वर्षों से चला रहे है। जहां ग्यारह से अधिक मानस प्रेमियों की प्रतिदिन सहभागिता रहती है। वहां के मानस प्रेमी अखिलेश द्विवेदी, जबरा सिंह, त्रिभुवन सिंह, देवेंद्र सिंह, श्रीराम साहू, शिवनारायण धुरिया, विजयभान पाल, शिवपाल विश्वकर्मा, मुन्ना सोनी, तेजवा प्रजापति, रामचरण लखेरा ने बताया कि राम और उनके आदर्शों पर चलने वाले अगिनत मानस प्रेमियों की आस्था का ही नतीजा है कि कल तक जो सपना बना हुआ था। वह साकार होने जा रहा है। देर सवेर ही सही धर्म की जीत हुई है और अधर्म का विनाश हुआ।आज पूरे हर्ष और उल्लास के साथ रामलला की मूर्ति का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा भव्यता के साथ हो रही है। वह भी इस खुशी से गदगद हैं। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीप जलाकर भगवान से लोक कल्याण की प्रार्थना की जाएगी।

राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा अयोजन को लेकर निकाली अक्षत कलश यात्रा

गांव के प्राचीन तालाब मन्दिर का होगा भूमि पूजन

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/जहां एक और पूरा भारत राम मय होगा है पांच सो साल बाद प्रभु श्री राम अपने मन्दिर में विराजमान होने की खुशी वा धूम मची हुई है वहीं ललितपुर मुख्यालय समीप महज 8किलोमीटर दूर मुख्य सड़क पर बसे ग्राम रजवारा वासियों ने भव्य अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली जिसमें सैकड़ों लोग सामिल हुए गांव में निकली सोभा यात्रा का डीजे और भगवा ध्वज कलस का घर घर पूजन हुआ लोगों ने जय श्री राम के जयकारे लगाकर सभी को अयोध्या जाने हेतु चावल देकर निमंत्रण दिया चार घंटे चलाने वाली सोभा यात्रा का मन्दिर परिसर मैं समापन हुआ और वहीं सैकड़ों वर्ष पुराने मन्दिर के जीर्णोद्धार हेतु कल 22जनवरी को मन्दिर निर्माण का भूमि पूजन किया जा रहा है ग्राम रजवारा में सभी मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रम के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा इस दौरान मन्दिर महन्त श्री राजाराम दास महाराज, पवन पैटेरिया, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, महेश कुमार राय, मोनू राय, पूरन कुशवाहा, अशोक रैकवार, भगवानदास पाल, राकेश पंथ, शिवनारायण तिवारी, बहादुर राजपूत, कैलाश राठौर उद्देत बाबा, धर्म सिंह कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग सामिल रहे

विधायक ने बांटे रामध्वज

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

भरुआ, सुमेरपुर। सदर विधायक ने कस्बे के बांकी मार्ग के आवास में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकताओं, ग्राम प्रधानों को रामध्वज भेंट करके धार्मिक स्थलों में फहराने की निर्देश दिए। रविवार को सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने बांकी मार्ग स्थित आवास में पहुंचे भाजपा पदाधिकारी, कार्यकताओं एवं प्रधानों को रामध्वज भेंट करके धार्मिक स्थलों में फहराने के निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, नरेंद्र पाल, गुरुप्रताप सिंह, उदयभान यादव, अशोक यादव, जय नारायण विश्वकर्मा, नीतू द्विवेदी, राखी शिवहरे, दिगपाल चंदेल, अरविंद श्रीवास्तव, कमलेश प्रजापति, उर्मिला सिंह, राम सजीवन निषाद आदि मौजूद रहे।

महान क्रांतिकारी नेता राम बिहारी बोस की मनाई गई पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर,हमीरपुर। आजादी के अमृत महोत्सव तथा स्वाधीनता संग्राम मे क्रातिकारियों के योगदान के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक महान क्रातिनेता रासबिहारी बोस की पुण्यतिथि 21जनवरी पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने सुमनान्जलि अर्पित करते हुये कहा कि रासबिहारी बोस सही मायने मे सच्चे राष्ट्रभक्त थे, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है इनका जन्म 25 मई 1886 को बंगाल के बर्दमान जिले के सुबलदहा गाव मे विनोद बिहारी बोस तथा भुवनेश्वरी देवी के घर हुआ था ,ये प्रारंभ से ही पारिवारिक परिवेश तथा कालेज के प्राचार्य चारुचन्द्र के प्रभाव के कारण राष्ट्रसेवी बन गये थे, बोस ने इन्डियन इन्डिपेन्डेन्स लीग तथा इन्डियन नेशनल आर्मी जैसे क्रातिकारी संगठनों का नेतृत्व किया, 1908 मे अलीपुर केस तथा 1912 मे दिल्ली मे वायसराय हार्डिग पर बम फेकने मे बोस की भूमिका थी, ये देहरादून मे हेडक्लर्क रहे, कालान्तर मे 1915 मे जापान चले गये, वहीं पर शादी कर ली, वहां से भी आजादी के काम किया,पुलिस इन्हें पकड नहीं पायी, आगे चलकर 21 जनवरी 1945 को टोक्यो, जापान मे बोस का निधन हो गया।कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, महावीर प्रजापति, ऋचा,संतोष प्रजापति, सिद्धा प्रजापति, प्रेम प्रजापति, भुवनेश सिंह,सागर, प्रिस व रवि आदि शामिल रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

संक्षेप

आग से लाखो की नगदी समेत गृहस्थी जलकर राख

बांगरमऊ, उन्नाव। एक घर में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से एक महिला के घर में रखी 2 लाख की नगदी सहित घर की सारी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की।बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव भिखारीपुर पतासिया के मजरा मुन्नी पुरवा की रहने वाली रामदेवी पत्नी तोताराम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसने यूकेलिपट्स के पेड़ बेचे थे। उसकी बिक्री के दो लाख पांच हजार रुपए घर में रख दिए थे।शनिवार को गांव निवासी एक युवक ने उसके घर में रखे तिरपाल व फूंस के छप्पर में आग लगा दी। जिससे घर के अंदर रखी गृहस्थी धू-धू कर जलने लगी। शोर मचाने पर पड़ोसियों ने पानी आदि की बौछार कर किसी तरह से बाल्टियों से पानी फेंककर आग पर किसी तरह से काबू पाया।हालांकि तब तक नगदी, खाने के लिए घर में रखा अनाज, बर्तन, कपड़े आदि सहित हजारों रुपए कीमतकी गृहस्थी आग में जलकर स्वाहा हो गई। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

खड़े लोडर में भिंडी कार एक की मौत साथी घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे हवाई पट्टी पर बीती रात खड़े लोडर में पीछे से कार की भिड़ंत होने से युवक की मौत और साथी जख्मी हो गया। पुलिस ने पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस काफी देर तक सीमा विवाद में उलझी रही। अधिकारियों की फटकार के बाद कार्रवाई की ।गाजियाबाद के नेहरू नगर मोहल्ला के रहने वाले भूपेंद्र कुमार का 35 साल का बेटा साहिल जैन अपने साथी राहुल पुत्र भगवान सिंह निवासी महिपालपुर दिल्ली के साथ कार से लखनऊ से दिल्ली लौट रहे था। बीती रात बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र स्थित हवाई पट्टी के पास कार लोडर से भिड़ गई। हादसे में दोनों साथियों के जख्मी होने पर बांगरमऊ सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। जबकि साथी राहुल को मामूली चोट आई है ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की है। चर्चा है घटना के समय लोडर मुख्य मार्ग किनारे खड़ा था। तभी कार पीछे से टकरा गई। जबकि लोडर सवार वाहन के बाहर थे।जिससे वह बाल बाल बच गए। मृतक साहिल और राहुल दोनों कैमरा लगाने का काम करते हैं। काम को लेकर वह दोनों लखनऊ आए हुए थे। मगर लौटते समय हादसे का शिकार हो गए ।घटनास्थल के निकट कोतवाली बांगरमऊ व बेहटा मुजावर थाना की सीमा लगती है। जिससे काफी देर तक दोनों थानों की पुलिस एक दूसरे के क्षेत्र में घटना होने की बात कहती रही। मामले का संज्ञान अधिकारियों ने लिया और दोनों थाने के प्रभारी को फटकारा। जिससे कानूनी कार्रवाई शुरू होने में काफी समय लग गया।

मात्र खानापूर्ति में निपटा विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। सरकार द्वारा चलाया जा रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम मात्र खाना पूर्ति बनकर रह गया है शनिवार को नगर पंचायत मोहान में अधिशासी अधिकारी द्वारा अपना जन्मदिन मनाने के चक्कर मे बिना मोदी की गारंटी वाली वैन के आये ही कार्यक्रम को समाप्त कर दिया गया था। जिसका भाजपाइयों ने विरोध भी किया था। अगले दिन रविवार को नगर पंचायत न्योतनी में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया पर वहाँ भी मात्र खाना पूर्ति ही कि जाती दिखाई दी जहाँ पंद्रह से बीस इंस्टाल लगाकर लोगो की समस्याओं का निस्तारण किया जाना था वहां मात्र पांच से सात इंस्टाल लगाकर रस्म अदायगी कर दी गई और निस्तारण भी मात्र गिने चुने लोगो के कार्यो के ही किये गए जबकि सरकार इस कार्यक्रम के द्वारा जरूरत मंदो के घर तक पहुचने का दावा करती है पर धरातल पर सरकार के इस कार्यक्रम को मात्र रस्म अदायगी बना कर रख दिया गया है ।बिजली विभाग से संबंधित समस्या को लेकर कई लोग विभाग की टेबल ढूंढते रहे पर उनकी समस्या का समाधान कैसे होता जब विभाग की टेबल ही कही नही लगी थी, आय ,जाति प्रमाण, जल कर, ग्रह कर सहित कई विभागों की समस्याओं के निस्तारण के लिए नगरवासी स्टाल खोजते रहे ।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश साहू ने बताया कम से कम पंद्रह से बीस विभागों के टेबल लगाकर जरूरत मंदो के कार्य किये जाने चाहिए पर जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे मात्र फॉर्मेलिटी बना कर रख दिया है और जल्दबाजी में कार्यक्रम निपटाए जा रहे है ।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश कनौजिया, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी, नगर के सभी सभासद व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश साहू मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के ग्राम हीरा खेड़ा निवासी निशा पत्नी पुत्तीलाल बीती रात घर में रखे छप्पर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। फांसी पर पत्नी को लटका देख पति बदहवास हो गया और आनन फानन में उसे फांसी से उतार बांगरमऊ सी एच सी ले गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्तीलाल के अनुसार उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी का मानसिक संतुलन ठीक नही रहता था ।पति की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अभी तक घटना से संबंधित कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

प्राचीन कल्याणी देवी मंदिर में 5100 दीप जलाकर मनाया दीपोत्सव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जैसे ही जैसे पल नजदीक आ रहा है। लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा है। उन्नाव में भी लोगों में बेहद उत्साह है और अपने मोहल्ले गलियों और आसपास इलाकों को साफ स्वच्छ रखने के साथ मंदिरों की सजावट में जुटे हैं। आज दोपहर बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दौरान उन्नाव में भी कई जगहों पर कई कार्यक्रम होंगे। बीती देर शाम हिंदू जागरण मंच ने शहर के प्राचीन कल्याणी देवी मंदिर में 5100 दीपों को जलाकर दीपोत्सव मनाया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की ओर से लगातार गश्त की जा रही है। रेलवे स्टेशन बस स्टैंड पर विशेष नजर भी रखी जा रही है।

समर्थ माँ, समर्थ भारत की अध्यक्षा अनीता विमल द्विवेदी के नेतृत्व में श्री राम भक्तों ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्राचीन कल्याणी मंदिर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया। अनीता विमल द्विवेदी ने बताया कि प्रभु श्रीराम जी की अयोध्या वापसी पर समस्त हिन्दू समाज उत्साहित है। पूरा देश उनके आगमन पर रामोत्सव के आयोजन कर रहा है। सोमवार को अयोध्या नगरी में भव्य श्रीराम मंदिर में राम लाला विराजमान होने वाले हैं, जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने सैकड़ों सालों तक इंतजार किया ।हम सब बड़े सौभग्यशाली हैं कि ये क्षण अपनी आंखों से देख पा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर के प्राचीन कल्याणी मंदिर में 5100 दीपक जलाकर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान आस्था द्विवेदी, समृद्धि द्विवेदी, रुद्राक्ष द्विवेदी, द्वारा जय श्री राम ओम स्वस्तिक की रंगोली बनाई गई। धार्मिक आयोजन के लिए श्री रामचरित मानस की 5-5 पुस्तके भेंट कर मंदिरों और घरों में श्रीरामचरित मानस पाठ और सुन्दर कांड का आयोजन किया। इस अवसर पर नर सेवा, नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी, जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, महामंत्री दीपा त्रिपाठी, आचार्य कमलेश बाजपेई गायत्री परिवार, मनीष मिश्रा, अनिल सोनी, राघवेंद्र पांडेय आदि रहे ।पुलिस ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा-व्यवस्था

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शासन के द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा में कोई लापरवाही न की जाए। गाइडलाइन के अनुसार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। संदिग्धों की चेकिंग कर रही है। बीती देर शाम सीओ सिटी विजय आनंद शहर कोतवाल प्रमोद मिश्रा के साथ शहर के प्रमुख इलाकों में पैदल गश्त की है। साथ ही रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर जाकर संदिग्ध की तलाशी ली है।

खिचड़ी भोज के साथ गरीबों को वितरण किया कंबल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत छाछी राइखेड़ा के पंचायत भवन मे मुख्य अतिथि एमएलसी रामचंद्र प्रधान की उपस्थिति में खिचड़ी भोज के साथ मनरेगा मजदूरों व विधवा महिलाओं को कंबल एवं शाल वितरित किया गया। रामचंद्र प्रधान ने सर्वप्रथम माँ गार्गी मंदिर में पूजा अर्चना कर खिचड़ी का प्रसाद चढ़ाया उसके उपरांत पंडाल में उपस्थित लोगों को सबोधित करते हुए कहा वर्तमान में भाजपा सरकार की गारंटी एलईडी वैन गाँव गॉव जाकर पात्र छुटे लोगो को लाभ दिलाने का कार्य कर रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाये गरीबो के लिए है। राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बारे में बताते हुए कहा हर हिन्दू की सैकड़ो सालों की तपस्या पूरी होने जा रही है। भगवान राम हम सबके आराध्य देव है। 22 जनवरी को हम सभी अपने घर व मंदिर मे दीपक जला कर उत्सव मनाएंगे। इसके उपरांत करीब एक सैकड़ा मनरेगा मजदूरों व विधवा महिलाओं को शाल व कंबल वितरित किये गए। आयोजक ग्राम प्रधान अभिषेक वर्मा ने सभी का आभार ब्यक्त किया । इस मौके पर मुन्ना सिंह मंडफहा, योगेश बाजपेयी, सानू अवस्थी, हरिनाम सिंह, रामबली, प्रदीप पांडेय, राजेश तिवारी, हरिचरन नाई, लाला, शैलेश वर्मा, विष्णुमोहन सिंह, थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय सहित अनेको लोग उपस्थित रहे।

घर मे लगी आग पिता पुत्र झुलसे, दो बकरियों की मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव मे शीतलहर के चलते आग तापते समय भोर पहर एक घर में आग लग गई, आग की चपेट में आकर पिता पुत्र झुलस गए वहीं दो बकरियों की जलकर मौत हो गई जबकि एक बकरी व एक गाय भी झुलस गई है। आगजनी से लाखों रूपए का नुकसान हुआ है साथ ही पड़ोसी के घर भी आग की चपेट में आ गए। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आलम खेड़ा मजरा महापरापुर निवासी गया प्रसाद पुत्र चंद्रिका अपने गांव के बाहर झोपड़ी नुमा घर बनाकर रह रहा था। आज भोर पहर वह आग ताप रहे थे, किसी कारण से उसके घर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर स्वयं गयाप्रसाद 40 वर्ष उसका पुत्र अंकित 16 वर्ष आग से जल गए। आनन फानन एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को सी एच सी फतेहपुर चौरासी भेजा गया। जहां से पिता गया प्रसाद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं आग बुझाने के लिए गांव के आस पास के लोगों में शिव प्रसाद श्रीवास्तव, राजेश आदि एवं दमकल टीम द्वारा कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी में घर में रखी चार हजार रूपए की नगदी सहित 10 कुंतल गेहूं, धान, एक बाइक महपरापुर के मजरा आलम खेड़ा में रविवार को सुबह एक घर में लगी आग में पिता - पुत्र झुलस गये। दो बकरी की जलकर मौत हो गयी, एक गाय और एक बकरी भी झुलस गयी। आग से ढाई लाख रुपये का सामान जल गया। फूस आदि से बने होने के कारण पडोस़ के प्रताप, परमसुख व जमुना के घर में भी आग लगने से भूंसा, कंडा आदि जल गया। राजस्व टीम के साथ पहुंचें लेखपाल आलोक वर्मा ने बताया कि आगजनी से हुए नुकसान का आंकलन कर लिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार गया प्रसाद की पत्नी अनीता भी आंसिक रूप से झुलस से झुलसी है।

राष्ट्रभक्ति पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वाधान व जनपदीय अध्यक्षा इंदिरा मीणा के नेतृत्व में राष्ट्रभक्ति पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में पुलिस लाइन में रहने वाले बच्चों द्वारा विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से ग्रीटिंग काड्र्स व झंडे बनाए गए। गणतंत्र दिवस को समर्पित विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी कलाकृतियों व तिरंगे झंडे का चित्रण करने वाले बच्चों को मूल्यांकन के उपरांत पुरस्कृत किया जाएगा। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु वामा सारथी कोऑर्डिनेटर डॉ आशीष श्रीवास्तव, सलाहकार डॉ मनीष सिंह सेंगर व डॉ शशिरंजना, प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, पुलिस परिवार कल्याण से महिला मुख्य आरक्षी सुरेखाशर्मा, संगीता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

जनपद के 6 विकास खंडों क्षेत्र के गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा जनपद के 06 विकास खण्डों की 18 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में निवासित जन समूह को जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ जन -जन तक पहुंचाना। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आज की कड़ी में जनपद में नवाबगंज, विछिया, असोहा बांगरमऊ, बीघापुर एवं एफ - चौरासी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित सभी विकास खण्डों में लगभग 21500 स्थानीय निवासियो ने प्रतिभाग कर वर्ष 2047 भारत देश को विकसित करने का संकल्प लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान ग्राम पंचायत में निवासित ग्रामवासियों तक जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से राज्व विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक, पशुपालन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के तत्वावधान में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की ई-केवाईसी, एनपीसीआई, भू-अंकन एवं किसानों का ओपेन सोर्स के किसानों की समस्याओं का समाधन किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजे जाने का प्रमाण दिया गया। विकास खण्ड बांगरमऊ के ग्राम पंचायत भगवन्त पुर गोटपाली में मा विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम पंचायत मरुई नईमपुर में मा जिला अध्यक्ष सहकारिता अरुण सिंह ने प्रतिभाग कर उपस्थित जन-समुह एवं किसानों की समस्याओं से अवगत हुए तथा जिन समस्याओं का निदान तत्काल सम्भव था उसका निदान करवाये अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिये।

पति-पत्नी के 18 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07, परिवार परामर्श केन्द्र से 05, थाना अचलगंज व थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना दही व महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बीघापुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों मे राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 एस.के.पाण्डेय, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री , डा0 मनीष सिंह सेंगर, अबसार अली खान, डॉ0 सगीर अहमद एवं परिवार परामर्श केन्द्र से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी, महिला उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, मिथलेश वर्मा, अंशू त्रिपाठी अंजुला त्रिपाठी, पूजा यादव, शिखा सेंगर, पूजा शर्मा, लक्ष्मी, सेविका, पारुल, का विशेष योगदान रहा।

साइकिल सवार को बचाने में कार लोडर की भिड़ंत, आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली के पास बीती देर रात एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार और लोडर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से लोडर और कार में सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उसी में फंस गए। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत कर रेस्क्यू किया ।इसके बाद घायलों को बाहर निकाला और उन्हें उपचार के लिए पास के बीघापुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। कुछ की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भेजने की बात कही। शनिवार की देर रात एक साइकिल सवार युवक अपने घर जा रहा था। इसी दौरान एक कार सवार उसे बचाने के चक्कर में लोडर से जा टकराया। आमने-सामने भिड़ंत होने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। उधर टक्कर लगने से लोडर में सवार चालक राकेश सिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी पुरे नोखेराय थाना लालगंज जनपद रायबरेली, निशा सिंह (35) पत्नी राकेश, अंश (6) सिंह पुत्र राकेश, आकांक्षा सिंह (12) पुत्री राकेश राकेश सिंह की बहन खुशबू पत्नी छोटू निवासी लखनऊ और कार चालक आसिफ पुत्र वली मोहम्मद व सलमान पुत्र अब्दुल सलीम निवासी लालगंज थाना लालगंज जनपद रायबरेली घायल हो गए ।हादसे के बाद मार्ग से गुजर रहे लोगों ने घटना कीजानकारी बीघापुर थाना पुलिस को दी। एक्सीडेंट कीसूचना पर थाना प्रभारी अखिलेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वाहनों में फंसे लोगों को मशक्कत के बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल बीघापुर में भर्ती कराया गया है। जहांडॉक्टरो ने उनका उपचार किया। कुछ को गंभीर चोटें भी आई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि एक्सीडेंट

अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, मासूम समेत कई घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एक महिला और उसकी 6 माह की बच्ची सहित कुल 9 लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने रेस्क्यू कर कार में सवार छह घायलों को बांगरमऊ के सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तीन को गंभीर हालत में हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जबकि डॉक्टर ने एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाकी घायलों का इलाज जारी है। बता दें कि जनपद अमेठी के थाना मुसाफिर खाना अंतर्गत ग्राम गाजनपुर निवासी धर्मचंद पुत्र कल्लू राम के दादा का देहांत हो गया था। जिनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एक ही परिवार के सात लोग गुजरात के अहमदाबाद शहर से आर्टिका कार से अपने घर अमेठी जा रहे थे। तभी रास्ते में बांगरमऊ के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर शनिवार को अचानक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर अस्थाई डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई ।सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने रेस्क्यू कर दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकलवाकर एंबुलेंस से आनन-फानन मेंछह घायल कार सवार को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल देवचंद और उनकी पत्नी पूजा चौहान तथा उनकी 6 माह की पुत्री प्रीती को नाजुक हालत देख हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

वहीं डॉक्टरों ने घायल कार चालक प्रभात पुत्र देशराज निवासी मोहल्ला कृष्णा नगर अहमदाबाद गुजरात को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल धर्मचंद, करमचंद व शिवचंद पुत्रगण कल्लू राम और बेचू लाल पुत्र बाबूलाल निवासी गाजनपुर थाना मुसाफिरखाना जिला अमेठी तथा सहचालक करन सोनी पुत्र राकेश निवासी अतकेश्वर यादव नगर अहमदाबाद कुल पांच घायलों का बांगरमऊ सीएचसी में ही जारी है। उधर यूपीडा की टीम ने दुर्घटनाग्रस्त का को क्रेन की सहायता से एक्सप्रेसवे से हटवाकर किनारे करवाया।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को थाना बारासगवर पुलिस ने गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना बारासगवर के अंतर्गत एक गाँव से पीड़िता ने अपने खिलाफ एक ब्यक्ति पर छेड़खानी करने व जान से मार देने का मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायालय के समक्ष आवेदिका द्वारा अंकित कराये गये बयान एवं अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर दुष्कर्म की धाराएं बढ़ायी गयी थी।उक्त मामले में वांछित चल रहे जयराम पुत्र स्व० शिवभजन उम्र करीब 67 वर्ष निवासी बक्सर को थाना बारासगवर पुलिस द्वारा उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

नवनिर्मित बारातशाला का सांसद ने किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर के मजरे रम्माखेड़ा में लगभग 14.50 लाख की लागत से नवनिर्मित बारात शाला का सांसद साक्षी महाराज व विधायक आशुतोष शुक्ला ने उदघाटन किया।

सांसद साक्षी महाराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोमवार को अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हैं। यह अवसर हमें पाँच सौ वर्षो के बाद मिल रहा हैं। आज हम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान राम फिर से अयोध्या आ रहे हैं। साक्षी महाराज ने सभी से प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में कम से कम पाँच दीपक जलाने व दीपावली मानने की अपील की। विधायक आशुतोष शुक्ल ने कहा कि गांवों की मांग पर बारातशाला बनवाया गया हैं अब इसकी बाउंड्री भी जल्द बनवाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान बारात शाला बनाने वाले पाँच लोगो को सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय आशुतोष शुक्ल द्वारा लगभग पाँच सैकड़ा लोगो को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान एसपी मिश्रा उर्फ रज्जना मिश्रा, प्रधान शिवपाल यादव, ब्रजेश कुमार, प्रेम शंकर लोधी, विनोद लोधी, बेचेलाल, पुनीत, भीमशंकर त्रिपाठी, शालू देवी, मोनू बाजपेई, ज्ञान यादव, आदि लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत द्विवेदी व संचालक बृज किशोर वर्मा ने किया।